




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक

दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

वर्ष- 13, अंक - 142 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, बुधवार 9 मार्च 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-










## खास-खबर

### अवमानना मामला: सुप्रीम कोर्ट में विजय माल्या के खिलाफ गुरुवार को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भगोड़े कारोबारी विजय माल्या पर अवमानना के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई होगी। कोर्ट ने इसके लिए दो बजे का समय निर्धारित किया है। बता दें कि कोर्ट ने बुधवार को विजय माल्या के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस यूयू ललित, रवींद्र एस भट और पीएस नरसिम्हा की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध मामला एमिकस क्यूरी के वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप गुप्ता के अनुरोध पर स्थगित कर दिया गया है। शीर्ष अदालत ने माल्या को अदालत के आदेश का उल्लंघन करते हुए अपने बच्चों को चार करोड़ डॉलर हस्तांतरित करने के लिए अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया था। बता दें, पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने विजय माल्या को जवाब देने का आखिरी मौका देते हुए कहा था कि माल्या की अनुपस्थिति में ही सजा के मुद्दे पर आगे बढ़ने का फैसला किया जाएगा।

### वेस्टइंडीज ने रोमांचक मैच में इंग्लैंड को सात रन से हराया, लगातार दूसरी जीत

**डुनेडिन (एजेंसी)।** महिला विश्व कप 2022 के अपने दूसरे मैच में वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को सात रन से हरा कर रोमांचक जीत दर्ज की है। इस टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज की टीम लगातार उलटफेर कर रही है। न्यूजीलैंड के बाद कैरिबियाई टीम ने इंग्लैंड को भी पटखनी दी है। लगातार दूसरी जीत के साथ ही विंडीज सेमीफाइनल की राह में आगे बढ़ चुकी है। वहीं इंग्लैंड को शुरुआती दोनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा है और इस टीम के लिए सेमीफाइनल की राह मुश्किल हो गई है। इस मैच में वेस्टइंडीज के 225 रन के जवाब में इंग्लैंड की टीम 47.8 ओवरों में 218 रन पर ही सिमट गई और यह मैच सात रन से हार गई। इंग्लैंड के लिए 225 रन का स्कोर इंग्लैंड के लिए 226 रन का लक्ष्य बहुत मुश्किल नहीं था, लेकिन बेमाउंट के अलावा इंग्लैंड का कोई भी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाया। अंत में सोफी और क्रॉस ने बेहतरीन साझेदारी कर जीत की उम्मीदें जगा दी थी, लेकिन क्रॉस के रन आउट होने के साथ ही इंग्लैंड की जीत की संभावना भी खत्म हो गई। बेमाउंट ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। उनके अलावा सोफी ने नाबाद 33 और क्रॉस ने 27 रन बनाए। इंग्लैंड की आधी टीम दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाई। सोफिया ने 38 और वट्ट ने 33 रन की पारी खेली।

### छत्तीसगढ़ बजट : कोई नया टैक्स नहीं, पुरानी पेंशन योजना भी बहाल

# देश में पहली बार गोधन से बने ब्रीफकेस में पेश किया गया बजट




रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बजट पेश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की घोषणा की। कहा कि पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग की जा रही थी। इस बार मुख्यमंत्री एक लाख 5 हजार करोड़ का बजट पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थापना व्यय बड़ा है। वहीं 14 हजार 600 करोड़ को घाटे की भी बात कही। हालांकि राहत देते हुए किसी भी नए टैक्स की घोषणा नहीं की गई है। कहा कि कर वृद्धि का सुझाव देने के लिए वित्त विभाग में नया सेल बनेगा।

वहीं शासकीय अधिवक्ताओं के मानदेय में वृद्धि की भी घोषणा की। हालांकि इसका लाभ अगले साल से मिलेगा। वहीं प्रदेश में 6 नई तहसीलें बनाने की भी घोषणा की गई। मुख्यमंत्री ने विश्व की मंगल कामना के लिए यजुर्वेद के श्लोक से बजट भाषण की शुरुआत की।

## सकल घरेलू उत्पाद में 11.54 प्रतिशत फीसदी बढ़ोतरी का अनुमान

मुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि 2020-21 की तुलना में चालू वर्ष के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 11.54 फीसदी वृद्धि का अनुमान है। कृषि क्षेत्र में 3.88 औद्योगिक क्षेत्र में 15.44 और सेवा क्षेत्र में 8.54 फीसदी वृद्धि अनुमानित है। जबकि औद्योगिक क्षेत्र में अनुमानित वृद्धि दर राष्ट्रीय दर से 3.64त्न अधिक है। राज्य का सकल घरेलू उत्पाद 4 लाख 61 करोड़ होना अनुमानित, पिछले वर्ष की तुलना में यह 13.60 फीसदी अधिक है। इससे पहले विधानसभा में प्रश्न काल के दौरान बीजेपी विधायक शिवरतन शर्मा ने रोजगार के आंकड़ों पर बात की। उन्होंने कहा 37 हजार लोगों को रोजगार देने की बात सरकार ने बताया है। मगर कल अलग आंकड़ा बताया गया है ।रोजगार पंजीयन घटता क्यों जा रहा है। इस पर मंत्री उमेश पटेल ने कहा, 3 लाख 54 हजार लोगों को स्व-रोजगार दिलाने में मदद की गई है। सरकार ने सेल्फ डिक्लेरेशन से यह आंकड़े जुटाए हैं।



विपक्ष के विधायक अजय चंद्राकर ने पंचायत विभाग पर गलत जानकारी देने का आरोप लगाया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा आप तथ्य पटल पर रख दीजिए इसकी जांच करा ली जाएगी। वहीं कोंडागांव जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की राशि में गड़बड़ी का आरोप लगाया गया। कांग्रेस विधायक संतराम नेताम ने इस संबंध में सवाल किया था। सवाल पर प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर ने जांच की घोषणा की है।

### गाय, कृषि और गांव की बात

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो कहा था, वह करके दिखाया। गांव केंद्रित अर्थव्यवस्था के मॉडल को देश भर में पहचान मिली है। इस योजना में मांझियों को भी शामिल किया गया।

- गौठानों को महात्मा गांधी औद्योगिक पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा।
- कृषि उत्पाद के भंडारण के लिए दुर्ग में इंटीग्रेटेड पैक हाउस बनेगा।
- ककून का संग्रहण कर राज्य में ही धागा उत्पादन एवं प्रसंस्करण की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए रेशम मिशन की घोषणा की। जगदलपुर में ककून बैंक बनेगा और स्व सहायता समूहों को धागा बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- वहीं पोस्ट यार्न गतिविधियों के लिए सामान्य सुविधा केंद्र की स्थापना भी होगी।
- कुम्हारों को इलेक्ट्रिक चाक दिया जाएगा। नवा रायपुर में पेयजल के लिए नई पाइपलाइन बिछाने का काम होगा।

### सुरक्षा और सुविधाएं

- मानव तस्करी रोकने के लिए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग ब्यूरो बनेगा
- 5 पुलिस चौकी मारो ,जेवरा -सिरसा , नैला, खरसिया और वाड्रफनगर का थाने में किया जाएगा उन्नयन, 226 नवीन पदों के सृजन का प्रावधान
- 300 नग बुलेट प्रूफ जैकेट क्रय हेतु तीन करोड़ का प्रावधान
- वाटर कूलर हेतु एक करोड़ 58 लाख तथा समस्त थानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु 25 करोड़ का प्रावधान

### विधायक निधि की राशि में बढ़ोतरी

विधायक निधि की राशि को बढ़ाकर 4 करोड़ रुपए कर दिया गया है। पहले यह 2 करोड़ रुपए थी। इसके अलावा पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ाया गया है। सरपंच और पंचों का भत्ता भी बढ़ा। अधिसूचित क्षेत्र में ग्राम पंचायतों को खदान संचालन का अधिकार दिया गया।

- जिला पंचायत विकास निधि योजना में 22 करोड़ का प्रावधान
- जनपद पंचायत विकास निधि योजना में 66 करोड़ का प्रावधान
- जिला पंचायत अध्यक्ष का मानदेय 15000 से बढ़ाकर 25000 किया गया
- जिला पंचायत उपाध्यक्ष का मानदेय 10000 से बढ़ाकर 15000 किया गया
- जिला पंचायत सदस्य का मानदेय 6000 से बढ़ाकर 10000 प्रति माह किया गया

### यह भी घोषणाएं

- मलखंभ अकादमी की स्थापना होगी
- मोर जमीन मोर मकान एवं मोर मकान मोर चिन्हारी योजनाओं के लिए 450 करोड़ का प्रावधान
- नगरीय निकायों के संपत्ति के ऑफ
- सेट मूल्य को कलेक्टर गाइडलाइन में निर्धारित दर से 30त्न कम करने की घोषणा
- मिशन अमृत 2.0 के तहत समस्त घरों में नल कनेक्शन प्रदान करने हेतु 200 करोड़ का प्रावधान



### कांग्रेस विधायक छन्नी साहू को बाहर ही रोक लिया गया

राजनांदगांव जिले के खुज्जी से कांग्रेस विधायक छन्नी साहू स्कूटी में सवार होकर विधानसभा पहुंची। मगर सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बाहर ही रोक लिया। इसके बाद उन्होंने परिसर के गेट में ही स्कूटी खड़ी कर सदन में चलें गईं।

इधर, बजट पेश करने से पहले मुख्यमंत्री ने फेसबुक में एक पोस्ट किया था। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा था कि छत्तीसगढ़ में प्रत्येक वर्ग को 'न्याय' सुनिश्चित करने की यात्रा को जारी रखने के लिए आज बजट प्रस्तुत करूंगा। यह नवा छत्तीसगढ़ का जनहितकारी बजट होगा।

### स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल

- खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने राजीव युवा मितान क्लब के लिए 75 करोड़ का प्रावधान किया गया।
- ग्रामीण क्षेत्रों में 11664 एवं नगरीय क्षेत्रों में 1605 क्लबों का किया जाएगा गठन
- रायपुर के लाभांडी में निर्माणाधीन टेनिस अकादमी में सेटअप एवं फर्नीचर उपकरण हेतु 1करोड़ 70 लाख का प्रावधान
- हिंदी माध्यम बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए अंग्रेजी की ही तरह 32 हिंदी माध्यम स्वामी आत्मानंद स्कूल खोले जाएंगे।
- पीएससी, व्यापमं जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अब परीक्षार्थियों को फीस नहीं देनी होगी।
- जगरगुंडा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और अहिवारा में एनआरसी की स्थापना हेतु 45 पदों का सृजन किया जाएगा।
- अंबिकापुर और कांकेर मेडिकल कॉलेज में उपकरण खरीदी के लिए 37 करोड़ का प्रावधान किया गया।
- रायपुर मेडिकल कॉलेज में कार्डियोवैस्कुलर व थोरेसिक सर्जरी विभाग में 150 पदों के लिए प्रावधान।
- प्रदेश के हर शहर में शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना लागू की जाएगी।

## संन्यासः एके एंटनी हमेशा के लिए छोड़ रहे राजनीति, सोनिया गांधी को पत्र लिखकर मचाई खलबली



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ व दिग्गज नेता एके एंटनी राजनीति छोड़ रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर अपने राजनीतिक जीवन से संन्यास की घोषणा कर दी है। सोनिया गांधी को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि, राजनीति छोड़ने के बाद वह दिल्ली में भी नहीं रहेंगे। जल्द ही वह तिरुवनंतपुरम में शिफ्ट होंगे।

दरअसल, कांग्रेस नेता एके एंटनी का राज्यसभा में दो अप्रैल को कार्यकाल पूरा हो रहा है। उन्होंने घोषणा की है कि, इसके बाद वह राजनीति में नहीं आएंगे और न ही कोई चुनाव लड़ेंगे। वह राजनीति, दिल्ली व संसद को हमेशा के लिए अलविदा कह देंगे।

### पहले ही बना लिया था राजनीति से दूर होने का मन

एके एंटनी ने पहले ही राजनीति से हमेशा के लिए दूर होने का मन बना लिया था। उन्होंने बताया कि, बहुत विचार करने के बाद मैनें कुछ समय पहले सोनिया गांधी को अपने निर्णय के बारे में बता दिया था। उन्होंने राज्यसभा के लिए दोबारा न खड़े होने की इच्छा जताई थी। इसके अलावा एंटनी ने केरल में राज्य प्रभारी व अन्य सदस्यों को अपने निर्णय के बारे में सूचित कर दिया था।

### 52 साल से राजनीति में सक्रिय हैं एंटनी

एके एंटनी पिछले 52 साल से भारतीय राजनीति में सक्रिय हैं। छात्र राजनीति से शुरू होकर वह पहली बार वह 1970 में विधायक बने थे। इसके बाद एंटनी 37 की उम्र में पहली बार केरल के मुख्यमंत्री भी बने। अब तक वह तीन बार केरल के मुख्यमंत्री, तीन बार केंद्रीय मंत्री, पांच बार राज्यसभा सांसद रह चुके हैं। 10 साल तक वह कांग्रेस संसदीय समिति के अध्यक्ष भी रहे।

### दिग्गजों के साथ किया काम

एके एंटनी कांग्रेस के भरोसेमंद नेताओं में से एक हैं। उन्होंने इंदिरा और राजीव गांधी के समय में भी काम किया है। इंदिरा व राजीव के समय में वह ऑल इंडिया कांग्रेस कमिटी के महासचिव थे। इसके बाद वह 2004 में मनमोहन सरकार में रक्षा मंत्री भी रहे। धीरे-धीरे उनका कद बढ़ता गया और वह कांग्रेस की सबसे भरोसेमंद नेताओं में शुमार हो गए।

## एमसीसी ने क्रिकेट के नियम बदले, अब कैच पकड़े जाने पर नए बल्लेबाज को ही खेलनी होगी पहली गेंद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मेरिलबोन क्रिकेट क्लब ने कैच आउट और मांकड़िंग से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। इसके साथ ही लार के इस्तेमाल पर स्थायी रूप से बैन लगा दिया गया है। अब किसी बल्लेबाज के कैच आउट होने पर नए बल्लेबाज को ही पहली गेंद खेलनी होगी। वहीं मांकड़िंग को अब रन आउट का हिस्सा बना दिया गया है और इस तरीके से आउट होने वाले बल्लेबाज को रन आउट माना जाएगा। मांकड़िंग का नियम हमेशा से ही विवादों में रहा है। इसे रन आउट का हिस्सा बनाने पर गेंदबाजों को इस तरीके से विकेट लेने में आसानी होगी।

कैट आउट के नए नियम के तहत अब हमेशा नए बल्लेबाज को ही पहली गेंद खेलनी होगी। पुराने नियम के अनुसार जब कोई बल्लेबाज कैच आउट होता था और दोनों बल्लेबाज रन भागने की कोशिश में एक दूसरे को पार कर जाते थे, तब दूसरे छोर पर रहने वाला बल्लेबाज अगली गेंद खेलता था और नया बल्लेबाज नॉन स्ट्राइक पर रहता था। अब किसी बल्लेबाज के कैच आउट होने पर नए बल्लेबाज को ही पहली गेंद खेलनी होगी भले ही दोनों बल्लेबाजों ने रन भागते हुए अपना छोर बदल लिया हो। अगर कोई बल्लेबाज ओवर की आखिरी गेंद पर ही कैच आउट होता है तो दूसरे छोर पर खड़ा बल्लेबाज अगले ओवर की पहली गेंद खेलेगा।

## 'गौठान' से नारी उत्थानः महिलाएं कर रहीं कारोबार, 100 करोड़ से ज्यादा के कर्ज वितरित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ में महिलाएं आत्म निर्भरता व आर्थिक आजादी की नई मिसाल पेश कर रही हैं। राज्य के राजनांदगांव जिले की महिलाओं को 'गौठानों' में विभिन्न तरह के कारोबार के लिए 107.75 करोड़ रुपये के कर्ज दिए गए हैं।

राजनांदगांव जिले में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गौथानों की स्थापना की गई है। ये महिलाएं गौथानों में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रही हैं। राजनांदगांव जिले के गांवों में ग्रामीण औद्योगिक पार्क के रूप में गौथानों की स्थापना की गई है। सरकार द्वारा दिए गए ऋणों के माध्यम से जिले की महिलाओं ने मशीनरी खरीदी है और गौथानों में विभिन्न उत्पाद बना रही हैं।



जिला कलेक्टर तरण सिन्हा ने कहा कि प्रशासन की मदद से इन महिला इकाइयों द्वारा तैयार मसाले, हर्बल रंग, चंदन, फिनाइल, साबुन, पापड़, अचार, मुर्गी उत्पाद, तार की बाड़, सीमेंट के खंभे और वर्मीकम्पोस्ट सहित तमाम उत्पादों को पूरे राज्य में बेचा जा रहा है।

इसके अलावा जिले के निवासी बकरी पालन, मछली पालन, मशरूम उत्पादन और बांस हस्तशिल्प वस्तु निर्माण में भी लगे हुए हैं। अब तक 6,557 स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने 107.75 करोड़ रुपये का कर्ज लिया है। 80.74 करोड़ रुपये के कर्ज वितरण के लक्ष्य को पार कर 133 फीसदी कामयाबी हासिल की है।

### बिहान के तहत प्रशिक्षण

जिले की महिला उद्यमी ऋण के पुनर्भुगतान के मामले में भी बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। राजनांदगांव में स्वयं सहायता समूहों का गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात तीन फीसदी है जबकि राज्य का औसत पांच फीसदी है। कौशल उन्नयन और आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के तहत प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। प्रशिक्षक विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं और स्थानीय महिलाओं को प्रशिक्षण और स्वयं सहायता समूहों के गठन में मदद कर रहे हैं। राजनांदगांव जिले में, ग्रामीण क्षेत्रों की लगभग 1,95,000 महिलाएं बिहान योजना के तहत 17,914 स्वयं सहायता समूहों में शामिल होकर आर्थिक गतिविधियां कर रही हैं।

## शेख हसीना ने यूक्रेन से 9 बांग्लादेशियों को बचाने के लिए पीएम मोदी को दिया धन्यवाद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद भारत सरकार ऑपरेशन गंगा के तहत भारत सहित पड़ोसी देशों के छात्रों को सुरक्षित निकाल रही है। भारत सरकार ने बांग्लादेश, नेपाल और पाकिस्तान सहित कई और देशों की मदद की है और उन्हें युद्धक्षेत्र से सुरक्षित निकाला है। इसी कड़ी में बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना ने 9 बांग्लादेशी छात्रों को बचाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी से शुक्रिया कहा है।



शेख हसीना ने 'ऑपरेशन गंगा' के तहत यूक्रेन से 9 बांग्लादेशी नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ऑपरेशन गंगा के तहत नेपाल और ट्यूनेशिया के छात्रों को भी बचाया गया है।

### नेपाली नागरिक को भी बचाया गया

रिपोर्ट्स के मुताबिक नेपाल के महोत्तरी जिल के रोशन झा को भी भारतीय अधिकारियों ने सुरक्षित निकाला था। रोशन ने इसके लिए भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया था। बाद में काठमांडू स्थित भारतीय एंबेसी ने सूचित किया था कि भारत सरकार पोलैंड के रास्ते सात और नेपाली नागरिकों को निकाल रही है।

### पाकिस्तानी छात्रा ने की तारीफ

पाकिस्तानी छात्रा आसमा शफीक ने भी भारत सरकार की जमकर तारीफ की है। एक वीडियो में आसमा ने कहा है कि मैं यूक्रेन स्थित भारतीय एंबेसी की बहुत शुक्रगुजार हूं। हम बहुत मुश्किल हालात में थे लेकिन उन्होंने हमें सुरक्षित बाहर निकाला है। मैं इसके साथ ही भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी को भी मदद के लिए धन्यवाद देती हूं। भारतीय एंबेसी की वजह से हम सुरक्षित वापस घर वापस जा रहे हैं।

## संपादकीय

# पाला बदल की चिंता

राज्य हो या केंद्र, चुनाव में जब स्पष्ट बहुमत का अभाव हो जाता है, तो गठबंधन या दलबदल की जरूरत पड़ने लगती है। अत: जिन राज्यों में ऐसी आशंका है, वहां सभी दल अपने-अपने ढंग से बचाव में जुट गए हैं। गोवा के बारे में सूचना है कि कांग्रेस अपने प्रत्याशियों को लेकर सचेत हो गई है। उसे दलबदल का भय सताने लगा है। खबर यहां तक है कि गोवा कांग्रेस ने दलबदल के भय से अपने प्रत्याशियों को रिजॉर्ट में भेज दिया है। अपने विधायकों को दलबदल या खरीद-फरोख्त से बचाने के लिए यह तरीका नया नहीं है। बड़ी-छोटी अनेक पार्टियों में समय-समय पर ऐसी अप्रिय स्थितियां पैदा हुई हैं। गोवा में कांग्रेस का ताजा भय आधारहीन नहीं है। 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने गोवा की 40 में से 17 सीटों पर जीत हासिल की थी, पर 13 सीटें जीतने के बावजूद छोटी पार्टियों और निर्दलीयों की मदद से भाजपा सरकार बनाने में कामयाब हुई थी। भाजपा की राजनीतिक तैयारी या चेष्टा का कोई तोड़ कांग्रेस के पास नहीं था। कांग्रेस उस दलबदल से इतनी कमजोर हो गई थी कि बाद में उसके 15 विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे।

> “ गोवा में जो कोशिशें चल रही हैं, उनके अनुसार, केवल कांग्रेस ही नहीं, भाजपा भी फिर सरकार बनाने के लिए जोड़-गठबंधन के लिए जुट गई है। यदि गठबंधन से ही सरकार बननी है, तो किसी पार्टी के ज्यादा सीटें जीतने या बहुमत से पीछे रह जाने का कोई अर्थ नहीं है। नेताओं और राजनीतिक दलों को सचेत रहना चाहिए कि जरूरत पड़ ही जाए, तो सभ्यता-शालीनता के साथ गठबंधन बने और लोगों को अच्छी सरकारें मिलें। जब लोगों को अच्छी सेवाभावी सरकार मिल जाती है, तो राजनेताओं और राजनीति के दोष कम दिखने लगते हैं।

किसी भी पार्टी को बुरा ही लगेगा, यदि उसके नेता ज्यादा विधायक के बावजूद सरकार न बना पाएं या किसी छोटी पार्टी के पास भले ही चंद विधायक हों, लेकिन अगर वे सत्ता के लिए पार्टी छोड़ जाएं, तो उन्हें रोकने के लिए कोई नियम-कायदा तय नहीं है। क्या इसके लिए कानून बनाने की जरूरत नहीं है? क्या राजनीति में वांछित-वाजिब नैतिकता की बहाली हो सकती है? यह दुखद ही है, जब पार्टियां जीतने के बाद पाला या गठबंधन बदल लेती हैं, तब तय संख्या में अपने नेताओं को दलबदल विरोधी कानून से बचते हुए पार्टी से बाहर जाने से कैसे रोका जा सकता है? साफ है, दलबदल विरोधी कानून तो अभी भी है, लेकिन उसकी खामियों या अपर्याप्तता को राजनेता ठीक से समझ गए हैं। कांग्रेस ही नहीं, कोई भी पार्टी यह नहीं चाहेगी कि ज्यादा सीटें जीतने के बावजूद वह सरकार न बना पाए, लेकिन कायदा यह भी है कि किसी पार्टी को अगर ज्यादा सीटें मिलें, तो वह गठबंधन करते हुए सरकार बनाने के पूरे प्रयास करे।

गठबंधन के दौर में समस्या यह हो गई है कि मतदाता जिन नेताओं को विपक्ष में बैठने के लिए मत देते हैं, वे भी सत्ता पक्ष में शामिल होने को लालायित रहते हैं। छोटी-छोटी पार्टियों को भी सत्ता में हिस्सेदारी मिल जा रही है और खूब सीटें जीतने वाली पार्टी भी विपक्ष में सुशोभित हो रही है। दरअसल, बहुदलीय व्यवस्था के साथ यह समस्या हमेशा रहेगी। चूंकि सत्ता पाना राजनीति का एकमात्र लक्ष्य होता जा रहा है, इसलिए भी पाला बदल का खतरा बढ़ता जा रहा है। हर चुनावी राज्य में विशेष रूप से छोटे दलों में ज्यादा बेचैनी होगी। कुछ दल ऐसे होंगे, जो किसी भी पक्ष या गठबंधन के साथ चले जाएंगे। गोवा में जो कोशिशें चल रही हैं, उनके अनुसार, केवल कांग्रेस ही नहीं, भाजपा भी फिर सरकार बनाने के लिए जोड़-गठबंधन के लिए जुट गई है। यदि गठबंधन से ही सरकार बननी है, तो किसी पार्टी के ज्यादा सीटें जीतने या बहुमत से पीछे रह जाने का कोई अर्थ नहीं है। नेताओं और राजनीतिक दलों को सचेत रहना चाहिए कि जरूरत पड़ ही जाए, तो सभ्यता-शालीनता के साथ गठबंधन बने और लोगों को अच्छी सरकारें मिलें। जब लोगों को अच्छी सेवाभावी सरकार मिल जाती है, तो राजनेताओं और राजनीति के दोष कम दिखने लगते हैं।

> “ अफसोस, नागरिकों पर हमले को मानवीय चूक बताकर खारिज कर दिया जाता है। फिर, ताकतवर देशों के खिलाफ जिनका आर्थिक, सैन्य व कूटनीतिक दबदबा होता है और जो विशेषकर सुरक्षा परिषद में वीटो का अधिकार रखते हैं, मानवाधिकार के उल्लंघन के आरोप साबित नहीं हो पाते। साफ है, किसी भी युद्ध में सबसे पहले सच्चाई का कत्ल होता है और उसके बाद मानवता है। इसका कोई इलाज किसी देश या संस्था के पास नहीं।

# बीच युद्ध में फंस गए हैं जो छात्र

सुशांत सरीन,सीनियर फेलो, ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन

किसी युद्धग्रस्त इलाके में फंसे आम लोगों को बाहर निकालना कतई आसान नहीं होता। एक तरीका यह है कि लोग वहां से पलायन करें और नजदीकी सुरक्षित स्थानों पर पहुंचे, जहां से उनके बचाव का रास्ता खोजा जाए। हम भारतीयों के लिए 1991 का खाड़ी युद्ध इसका एक बड़ा उदाहरण है, जिसमें कुवैत में फंसे तकरीबन एक लाख से अधिक भारतीयों को हवाई जहाज से वापस लाया गया था। हालांकि, इसमें कूटनीति की भी बड़ी अहम भूमिका थी, क्योंकि इराक के शासक सद्दाम हुसैन के भारत के साथ अच्छे संबंध थे। यमन युद्ध में भी, जो बेशक गृह युद्ध था, कमोबेश ऐसा ही हुआ था। मगर तब और आज के हालात में एक बड़ा फर्क यह है कि उस समय जंग शुरू नहीं हुई थी। युद्ध शुरू होने से पहले ही भारत ने अपने नागरिकों को निकाल लिया था।

साफ है, आज कूटनीतिक पेचीदगियां काफी ज्यादा हैं। पिछले दिनों जब यूक्रेन पर हमला बोला गया, तो बहुत सारे भारतीय उन इलाकों में फंस गए, जो रूस के सीधे निशाने पर थे। इसमें बेहतर उपाय तो यही था कि भारत सरकार की एडवाइजरी का संजीदगी से संज्ञान लिया गया होता। मगर इसमें भारतीयों, खासकर विद्यार्थियों के सामने तीन मुश्किलें आ खड़ी हुईं। पहली, यूक्रेन के लोगों को, यहां तक कि वहां की सरकार को भी यह आशंका नहीं थी कि उन पर हमला होगा। दूसरी समस्या, विश्वविद्यालयों ने छात्रों को यह आगाह किया गया था कि अगर वे अपनी पढ़ाई अधूरी छोड़कर वापस भारत लौटे, तो उनका पूरा सेमेस्टर बरबाद हो सकता है और यह भी संभव है कि उनका दाखिला खारिज हो जाए। और तीसरी समस्या थी, हवाई टिकट के ऊंचे दाम।



बहरहाल, 'ऑपरेशन गंगा' के बावजूद अब भी कई छात्र युद्धग्रस्त इलाकों में फंसे हुए हैं। चिंता की बात यह है कि अब हमारे पास बहुत ज्यादा विकल्प भी नहीं हैं। युद्ध के बीच में यह उम्मीद करना बेमानी है कि कोई काफिला उनकी सुरक्षा के लिए बम-गोलाबारी के बीच जाएगा और उनको सुरक्षित बाहर निकाल लाएगा। आखिर युद्धग्रस्त क्षेत्रों में जाने का खतरा कौन मोल लेगा? यूक्रेन के कई इलाकों में तो आलम यह है कि सड़कों पर टैंक दौड़ रहे हैं और अनवरत हवाई हमले हो रहे हैं, जिसमें जान-माल का नुकसान हो रहा है। हालांकि, कूटनीतिक तरीके से रास्ता निकालने की कोशिशें भी हो रही हैं। इसके लिए खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दूतावास के अधिकारीगण तत्पर हैं।

रूस और यूक्रेन से बातचीत करके यह कोशिश हो रही है कि ऐसा कोई रास्ता निकाला जाए अथवा एक वक्त मुकर्रर किया जाए, जब संघर्ष-विराम हो और भारतीय छात्रों की वतन-वापसी की सुरक्षित राह तैयार हो सके। इस बात पर दोनों देशों से रजामंदी भी मिल चुकी है। मगर पिछले दो-तीन दिनों में यह भी दिखने में आ रहा है कि भारतीयों का ऐसा कोई काफिला ज्यों ही बाहर निकलने को तैयार होता है, गोलाबारी शुरू हो जाती है और सायरन बजने लगती हैं। नतीजतन, छात्रों को वापस बंकर में जाना पड़ता है।

फिलहाल यह तो ठीक-ठीक नहीं कहा जा सकता कि आखिर इसकी वजह क्या है? मगर यह अंदेशा जताया जा रहा है कि संघर्ष-विराम का आदेश शायद फौज के कमांडेंट स्तर के अधिकारियों तक नहीं पहुंच सका है। एक आशंका यह भी है कि भारतीयों के खिलाफस्थानीय स्तर पर कोई सुनियोजित साजिश हो रही हो। तथ्य यह भी है कि युद्ध में कोई पक्ष यह नहीं चाहता कि विपक्ष को किसी तरह का कोई लाभ मिले। उनमें यह डर बना रहता है कि संघर्ष-विराम की आड़ में दुश्मन फौज अपनी स्थिति मजबूत कर सकती है। यूक्रेन इन्हीं पेचीदगियों से अभी जूझ रहा है।

क्या इसका कोई समाधान है? जंग के बीच में तो शायद नहीं। लेकिन यदि किसी एक पक्ष का संघर्षग्रस्त इलाके पर वर्चस्व हो जाए, तो उससे बातचीत करके बीच का रास्ता निकाला जा सकता है। दिक्कत यह भी है कि बहुत से भारतीय विद्यार्थी रूस की सीमा के नजदीक फंसे हैं। उनको अगर वहां से बाहर निकलना है, तो पूर्वी यूक्रेन से दो-ढाई हजार किलोमीटर का रास्ता तय करके उन्हें मुल्क के पश्चिमी हिस्से में पहुंचना होगा और किसी अन्य देश की सीमा पार करनी होगी। मगर युद्ध के बीच में यह भी आसान काम नहीं।

ऐसे में, एक विकल्प यह हो सकता है कि इन छात्रों को रूस की सरहद पार कराई जाए और वहां से भारत बुलाया जाए। इसके लिए रूस तो राजी है, लेकिन यूक्रेन को आपत्ति है। तीसरा विकल्प यह है कि रूस के पड़ोसी देश बेलारूस होकर भारतीय छात्रों को लाया जाए। पश्चिमी सरहद से लगने वाले हंगरी, पोलैंड और रोमानिया से बच्चे जब निकल सकते हैं, तो बेलारूस की तरफ भी उनको भेजा जा सकता है। मगर इस विकल्प पर ज्यादा काम नहीं किया जा रहा, क्योंकि यह माना जा रहा है कि कीव (यूक्रेन की राजधानी) पर अगला बड़ा हमला बेलारूस की तरफ से हो सकता है। दोनों देशों में तनातनी काफी ज्यादा है।

जाहिर है, हालात काफी चिंतनीय हैं और समाधान की राह काफी मुश्किल। दिक्कत यह भी है कि जेनेवा कन्वेंशन के तहत आम नागरिकों को युद्धग्रस्त माहौल में कई तरह के वैधानिक अधिकार तो मिले हैं, जिसमें उनको निशाने पर लेने पर युद्ध अपराध जैसे प्रावधान भी हैं, लेकिन युद्ध के माहौल में ऐसे प्रावधान आसानी से भुला दिए जाते हैं। कई बार दुश्मन फौज पर हावी होने के लिए असैन्य इलाकों से कार्रवाई की जाती है और आम लोगों की आड़ में छापामार युद्ध लड़े जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप दुश्मन फौज भी असैन्य इलाकों को निशाना बनाती है।

यह समझना होगा कि ऐसा कोई युद्ध नहीं, जिसमें आम लोगों को निशाना न बनाया गया हो। अफसोस, नागरिकों पर हमले को मानवीय चूक बताकर खारिज कर दिया जाता है। फिर, ताकतवर देशों के खिलाफ जिनका आर्थिक, सैन्य व कूटनीतिक दबदबा होता है और जो विशेषकर सुरक्षा परिषद में वीटो का अधिकार रखते हैं, मानवाधिकार के उल्लंघन के आरोप साबित नहीं हो पाते। साफ है, किसी भी युद्ध में सबसे पहले सच्चाई का कत्ल होता है और उसके बाद मानवता है। इसका कोई इलाज किसी देश या संस्था के पास नहीं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# मुश्किलों के बावजूद हमारी आर्थिक मजबूती

सतीश सिंह,बैंकिंग व आर्थिक विशेषज्ञ

अर्थव्यवस्था में मुश्किलें तो हैं, लेकिन रौनक भी लौटी है। ताजा हालात की बात करें, तो विदेशी निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च के तीन कारोबारी सत्रों में भारतीय शेयर बाजार से 17,537 करोड़ रुपये की निकासी की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 7 मार्च, 2022 को 139 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। रुपये की कीमत में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। एक डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत कम होकर 77 रुपये रह गई है, जिससे महंगाई और चालू खाते के घाटे में बढ़ोतरी की संभावना बढ़ गई है। हालांकि, 4 फरवरी, 2022 को भारत में 631.953 अरब यूएस डॉलर के विदेशी मुद्रा का भंडार था, इसलिए फिलहाल भारत को कच्चे तेल के आयात में मुश्किलें नहीं आएंगी। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत की दर से वृद्धि कम नहीं है।

आईएचएस मार्केट के अनुसार, भारत का मैन्युफैक्चरिंग पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) फरवरी महीने में सुधरकर 54.9 के स्तर पर पर आ गया है, जबकि जनवरी में यह गिरकर 54 के स्तर पर आ गया था, जो विगत चार महीनों में सबसे निचला स्तर था। यहां यह ध्यान रहे, पीएमआई यदि 50 अंक से ज्यादा होता है, तो माना जाता है कि कारोबार में वृद्धि हो रही है, वहीं इससे कम होने पर माना जाता है कि देश में विकास की गति बाधित है। इन आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि नए कारोबारों और मांग व बिक्री में बेहतरी आई है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी विगत तीन महीनों के दौरान मांग में तेजी देखी गई है। इस अवधि में उपभोक्ता वस्तु विनिर्माताओं की राह भी आसान हुई है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह फरवरी में 1.33 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की फरवरी की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक है और फरवरी, 2020 की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक है। यह पांचवां महीना है, जब जीएसटी संग्रह 1.3 लाख करोड़ रुपये से ऊपर रहा है। जीएसटी संग्रह में आई तेजी को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि वित्त वर्ष 2023 में औसत जीएसटी संग्रह हर महीने में 1.25 लाख करोड़ रुपये से ऊपर रह सकता है। राजकोषीय घाटा भी कम हुआ है। चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से जनवरी महीने के दौरान केंद्र का राजकोषीय घाटा 9.38 लाख करोड़ रुपये रहा, जो संशोधित अनुमान का 58.9 प्रतिशत है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में राजकोषीय घाटा 66.8 प्रतिशत रहा था। राजकोषीय घाटा में कमी आने का कारण केंद्रीय कर संग्रह में तेजी आना है। सरकार को भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के शेयर बिक्री से भी बहुत ज्यादा उम्मीदें हैं। अगर बाजार में इस आईपीओ को अच्छी प्रतिक्रिया मिलती है, तो घाटे में और कमी आ सकती है। कर संग्रह के मोर्चे पर लगातार सुधार हुआ है। सरकार को विनिवेश और निजीकरण के विकल्पों पर भी ध्यान देना चाहिए। वित्त वर्ष 2022 में राजस्व व्यय 23.68 लाख करोड़ रुपये या संशोधित अनुमान का 74.7 प्रतिशत रहा, जो पिछले साल की समान अवधि में 71.6 प्रतिशत था। मतलब सरकारी व्यय में वृद्धि हो रही है, लेकिन मौजूदा परिदृश्य में सरकार को व्यय में और भी तेजी लानी चाहिए। सरकार को कृषि क्षेत्र के विकास हेतु और सकारात्मक कदम उठाने चाहिए।



आशा जगाते कुछ अन्य आंकड़े भी हैं, ग्लोबल लोकेशन टेक्नोलॉजी फर्म टॉमटॉम इंटरनेशनल के आंकड़ों के अनुसार, नई दिल्ली और मुंबई में यातायात में वृद्धि हुई है। बिजली उत्पादन और खपत में भी हाल में वृद्धि दर्ज की गई है। साथ में, भारतीय रेलवे द्वारा ढुलाई किए जाने वाले माल की मात्रा में भी वृद्धि हुई है। ये आंकड़े देश में आर्थिक हालत के सामान्य होने की ओर इशारा कर रहे हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की राह में अभी भी बाधाएं बनी हुई हैं। पहले अर्थव्यवस्था कोरोना महामारी से जूझ रही थी और अब रूस व यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध का कुप्रभाव अर्थव्यवस्था के कुछ महत्वपूर्ण मानकों पर पड़ रहा है। बावजूद इसके विकास के अन्य मानकों जैसे, सरकारी व्यय में बढ़ोतरी, राजस्व संग्रह व जीएसटी संग्रह में वृद्धि, आर्थिक गतिविधियों में आई तेजी आदि से साफ पता चलता है कि अर्थव्यवस्था मजबूती की दिशा में अग्रसर है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे

9827806026, 7869620239



























आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेंडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट सुशासन और समृद्ध छत्तीसगढ़ का प्रमाण है - मोहन मरकाम

**रायपुर।** विधानसभा में प्रस्तुत छत्तीसगढ़ आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 के रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि जनहितकारी विकास और आम जनता की समृद्धि का छत्तीसगढ़ मॉडल देश दुनिया में अपनी पहचान बना रहा है। विधानसभा में प्रस्तुत छत्तीसगढ़ आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक जीएसडीपी स्थिर भाव में विकास दर 11.54 प्रतिशत है जो राष्ट्रीय विकास दर 9.2 प्रतिशत से अधिक है। प्रचलित भाव पर जीएसडीपी विकास दर 13.6 प्रतिशत होना अनुमानित है। अर्थव्यवस्था के प्रमुख सेक्टर कृषि क्षेत्र और उद्योग के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन केंद्र की तुलना में बेहतर है। छत्तीसगढ़ में प्रति व्यक्ति आय में पिछले साल की तुलना में 11.93 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो भूपेश सरकार में आमजन की समृद्धि का प्रमाण है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि पहले दिन से ही भूपेश बघेल सरकार की प्राथमिकता शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सुपोषण और समृद्धि रही है। 5 लाख 81 हज़ार से अधिक किसानों के कृषि पंप को निःशुल्क बिजली, कर्जा माफ बिजली बिल हाफ राजीव गांधी किसान न्याय योजना, भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना और गोधन न्याय योजना से कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। वनोपजों की खरीदी, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और मार्केटिंग से सीधे संग्राहकों को जोड़ने से वनांचल में समृद्धि आयी है। नई उद्योग नीति से अर्थव्यवस्था में सुधार और रोजगार के अवसर बढ़े हैं। सरकारी सेवा में लगातार भर्ती हो रही है। निजी क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर बढ़े हैं। आम जनता की सहभागिता सरकारी योजनाओं में बढी है। रमन सरकार के दौरान बंद किए गए हजारे स्कूलों को पुनः शुरू किया गया है।

# राज्यपाल ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं संस्थाओं को किया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने कोविड टीकाकरण में उल्लेखनीय योगदान हेतु छत्तीसगढ़ के दूरदराज से आए मितानिनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ ही स्वसहायता समूह की सदस्यों, विभिन्न स्वयंसेवी संस्थानों की महिलाओं को सम्मानित किया और प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदाय कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उल्लेखनीय है कि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में प्रदेश की अनेक महिला केन्द्रित संस्थाओं द्वारा इस आयोजन में सहभागिता दी गई।



राज्यपाल सुश्री उइके ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देश व प्रदेश की महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज सर्वाधिक खुशी इस बात की हो रही है कि प्रदेश भर की विभिन्न संस्थाओं की महिलाएं, छत्तीसगढ़ के दूरदराज इलाकों से पहुंची स्वास्थ्य कार्यकर्ता व मितानिन सहित विश्वविद्यालय के महिला प्राध्यापक व हमारी युवा तथा ऊर्जावान छात्राएं इस सदन में एक साथ उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि मैं राज्यपाल के साथ-साथ बतौर महिला मैं आपके संरक्षक के तौर पर हमेशा साथ हूं तथा इस आधी आबादी को साथ मिलकर राष्ट्र की प्रगति में भागीदार बनना है। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि प्रदेश की बहनें बहुत सशक्त हैं और उन्होंने राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान बनाई हैं। उन्होंने अनेकों विदुषी महिलाओं सहित अपने व्यक्तिगत संघर्षों का उदाहरण देते हुए कहा कि पल-प्रति पल हमें अपने सपनों के लिए लड़ना पड़ता है। सामाजिक संरचना में महिलाओं को समान अवसर नहीं मिल पाते। इन कारणों से हमें हताश होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि दोगुने मनोबल से हमें अपना काम कर अपनी जगह बनानी है।

राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि एक समय था जब सेना, पुलिस जैसी शारीरिक दक्षता की आवश्यकता वाले क्षेत्रों में महिलाओं की उपस्थिति कम थी, किन्तु अब इन क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी ने ऐसे मिथकों को तोड़ा है। महिलाओं की शारीरिक व मानसिक क्षमता पुरूषों से कहीं अधिक है, क्योंकि वे सृजनशील हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में महिलाओं के सशक्तीकरण का जिक्र करते हुए कोण्डागांव जिले के सल्फीपदर गांव की महिलाओं के योगदान के बारे में बताया कि कैसे वे अपने परिवेश को बचाने के लिए संघर्षरत् हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर छात्र-छात्राओं में राष्ट्रीयता तथा नेतृत्व की भावना का विकास होता है। संस्थानों की डिग्री से इतर राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों में प्राप्त व्यावहारिक ज्ञान भी लैंगिक समानता जैसे विषयों के प्रति युवाओं को जागरूक करता है।

राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तीकरण तथा उन्हें अवसर प्रदान करने की दिशा में अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसके सकारात्मक व दूरगामी परिणाम होंगे। ऐसी योजनाओं से महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में अग्रिम पंक्ति में स्थान मिल रहा है तथा उनके लिए तरक्की के रास्ते प्रशस्त हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि बतौर नागरिक हमें अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए तथा समान अवसरों वाले समाज की स्थापना के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं इस दिन अपने होने का गौरव मनाती हैं, अतः आप सभी को इस गौरव दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि शैशवास्था से ही लिंगभेद तथा बेटियों को मानसिक-शारीरिक रूप से कमजोर होने के भ्रम से न डराया जाए। महिलाओं के कमजोर होने जैसे विषय तथ्यहीन तथा पुरूषवादी मानसिकता की देन हैं। हमें इससे बाहर निकलना होगा। महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. नायक ने कहा कि बेटों को लैंगिक समानता जैसे विषयों के बारे में समझाया जाए तथा अभिभावक बेटों को बेटियों की तरह परवरिश करें, ताकि लिंगभेद जैसे कुरीतियों को समाज से मिटाया जा सके।

रायपुर जिले की वनमण्डलाधिकारी श्रीमती सतोविषा ने इस अवसर पर अपने संबोधन में लैंगिक समानता के अनेक पक्षों और पर्यावरण के मध्य संबंध को उद्धृत किया। उन्होंने ग्राम तथा वनांचल में रहने वाली महिलाओं के जीवन में वनों की भूमिका और इसकी उपयोगिता के बारे में उदाहरण सहित समझाया। श्रीमती समजदार ने कहा कि हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना है और अपनी शिक्षा व लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दृढ़ निश्चय के साथ कार्य करना है।

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के समापन उपरांत मंच से उतरते ही एक बिटिया ने राज्यपाल से ऑटोग्राफ हेतु आग्रह किया। राज्यपाल सुश्री उइके ने बड़ी ही आत्मीयता से बच्ची का परिचय प्राप्त कर ऑटोग्राफ दिया। इस दौरान राज्यपाल ने मुस्कुराते हुए बच्ची से कहा कि आज तो हम सभी के उत्सव का दिन है और उसे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## नीति आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ में संचालित कार्यों की लगातार सराहना



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नीति आयोग ने छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार द्वारा लोगों के उत्थान के लिए चलाए जा रहे विभिन्न विकासमूलक कार्यक्रमों की सराहना लगातार की जा रही है। इस तारतम्य में आज नीति आयोग द्वारा नारायणपुर के स्व-सहायता समूह की महिलाओं के कार्यों को ट्वीट कर इसकी सराहाना की गई है। उन्होंने अपने ट्वीट में उल्लेखित किया है कि आकांक्षी जिला नारायणपुर में संचालित दंतेश्वरी स्व-सहायता समूह की महिलाएं अब तक प्रसंस्करण कार्य से लगभग 4 लाख रुपए कमा चुकी हैं। महिला समूह शासन की योजनाओं का लाभ लेकर कोदो, कुटकी और रागी का उत्पादन कर 15 से 20 हजार रुपए की मासिक आमदनी कर रही है।

देश के आकांक्षी जिला में शामिल छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के ग्राम पालकी में माँ दन्तेश्वरी महिला स्व-सहायता समूह की महिलायें कोदो-कुटकी प्रसंस्करण कार्य से जुड़कर अपनी आमदनी में निरंतर इजाफा कर रही है। समूह की महिलाओं से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि उनके समूह में 10 महिलायें सक्रिय होकर काम कर रही है। महिलाओं ने बताया कि समूह में जुड़ने के पहले वे कृषि विज्ञान केन्द्र केरलापाल में रोजी-मजदूरी का काम करती थी, जिसमें उन्हें 120 रूपए से 150 रूपए प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी मिलती थी, जो जीवन-यापन के लिए पर्याप्त नहीं था। इसके अलावा घर के आवश्यकता की पूर्ति हेतु गांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना में भी कार्य कर रही थी।

समूह द्वारा बताया गया कि उन्हें कोदो, कुटकी रागी प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग इकाई केन्द्र शुरू करने का प्रोत्साहन कृषि विज्ञान केंद्र एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका योजना से मिला। समूह की महिलायें बताती है कि कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से प्राप्त प्रशिक्षण एवं कोदो, कुटकी, रागी प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग इकाई प्रदाय किया गया। वहीं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका योजना बिहान से प्राप्त आर्थिक सहयोग जैसे बैंक लिंकेज 5 लाख रूपए, चक्रिय निधि - 15 हजार रूपए प्राप्त है। इस राशि से कोदो, कुटकी, रागी प्रसंस्करण कार्य प्रारंभ किया। इस कार्य करने के उपरान्त धीरे-धीरे हमारे समूह मां दन्तेश्वरी महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों को अच्छे आमदनी होने लगी। समूह के 3 सदस्य गांव-गांव में जा कर कोदो, कुटकी, रागी किसानों से कोदो कुटकी 35 रूपये की दर से क्रय करने का कार्य करते हैं। क्रय करने के बाद उसे प्रसंस्करण केन्द्र में प्रसंस्करण कार्य करते हैं।

# मनरेगा में बढ़ रही महिला मेटों की भागीदारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) कार्यों में 'आधी आबादी' यानि महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है। मनरेगा में अकुशल श्रमिक के रूप में काम करने वालों में करीब 51 प्रतिशत महिलाएं हैं। कार्यस्थल पर काम की नाप-जोख और श्रमिकों के प्रबंधन का काम देखने वाले मेटों में महिला मेटों की भागीदारी 59 प्रतिशत है। मेट के रूप में गांव की महिलाएं कार्यस्थलों पर बदली हुई भूमिका में नजर आ रही हैं। पहले केवल मजदूरी करने तक सीमित रहने वाली महिलाएं अब मेट के तौर पर श्रमिकों के प्रबंधन के साथ ही कार्यस्थल पर गोदी खोदने के लिए चूने से मार्किंग, मजदूरों द्वारा किए गए कार्य को मापकर उसे माप-पुस्तिका में दर्ज करने और श्रमिकों के जॉब-कार्ड को अद्यतन करने जैसे महत्वपूर्ण मैदानी काम कर रही हैं। मनरेगा में वे अर्द्धकुशल श्रमिक के रूप में सेवाएं देती हैं और इसी के अनुरूप उन्हें भुगतान भी प्राप्त होता है।



मनरेगा में महिला मेट की नियुक्ति के बाद से कार्यस्थलों में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ी है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वसहायता समूहों की सक्रिय महिलाओं को मनरेगा में मेट के रूप में नियुक्ति में प्राथमिकता दी जा रही है। प्रदेश में स्वसहायता समूहों की 9646 महिलाएँ मनरेगा मेट के तौर पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। गांवों में पहले से ही स्वावलंबन की अलख जगा रही ये महिलाएं बांकी महिलाओं को भी न केवल मनरेगा में रोजगार दिला रही हैं, बल्कि स्वसहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार शुरू करने में भी सहायता कर रही हैं। उन्हें रोजगारमूलक गतिविधियों से जोड़कर आय के स्थाई साधन तैयार कर रही हैं। महिला मेट कार्यस्थलों में महिलाओं की परेशानियों के निदान का भी विशेष ध्यान रखती हैं। उनकी निगरानी में कार्य करने का मौका पाकर महिलाएं मनरेगा कार्यों से ज्यादा संख्या में जुड़ रही हैं।

मनरेगा के प्रभावी क्रियान्वयन और शिक्षित ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए महिला मेटों की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। प्रदेश में मनरेगा के अंतर्गत कार्यरत कुल मेटों में से 59 प्रतिशत महिलाएं हैं। प्रदेश में अभी 46 हजार 942 महिला मेट काम कर रही हैं, जबकि पुरूष मेटों की संख्या 32 हजार 927 है। राज्य के 28 जिलों में से 25 जिलों में महिला मेटों की संख्या 50 प्रतिशत से अधिक है। महिला मेटों की भागीदारी बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 82 प्रतिशत, बिलासपुर में 79 प्रतिशत, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 77 प्रतिशत, कोरबा में 72 प्रतिशत, बलरामपुर-रामानुजगंज में 70 प्रतिशत, कोरिया एवं महासमुंद में 67-67 प्रतिशत, रायगढ़ में 63 प्रतिशत, रायपुर में 61 प्रतिशत और मुंगेली में 60 प्रतिशत है। सरगुजा और बीजापुर में कार्यरत कुल मेटों में से 59-59 प्रतिशत महिलाएं हैं। राजनांदगांव में 58 प्रतिशत, बस्तर, जांजगीर-चाम्पा, सूरजपुर और बालोद में 57-57 प्रतिशत, बेमेतरा और कांकेर में 56-56 प्रतिशत, दुर्ग में 53 प्रतिशत, धमतरी और जशपुर में 52 प्रतिशत, कोण्डागांव, गरियाबंद व नारायणपुर में 51 प्रतिशत, सुकमा में 47 प्रतिशत, कबीरधाम में 44 प्रतिशत तथा दंतेवाड़ा में 41 प्रतिशत मेट महिलाएं हैं।

चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में मनरेगा के अंतर्गत रोजगार प्राप्त श्रमिकों में महिला श्रमिकों की हिस्सेदारी करीब 51 प्रतिशत है। इस साल अब तक 52 लाख 47 हजार श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है, जिनमें 26 लाख 64 हजार महिला श्रमिक हैं। इस वर्ष फरवरी माह तक सृजित कुल 14 करोड़ 21 लाख 53 हजार 765 मानव दिवस में से 7 करोड़ 18 लाख 71 हजार मानव दिवस रोजगार इन महिलाओं द्वारा सृजित हैं, जो कि कुल सृजित मानव दिवस का 51 प्रतिशत है। पिछले वित्तीय वर्ष 2020-21 में भी मनरेगा के तहत रोजगार प्राप्त श्रमिकों में महिलाओं की भागीदारी 50 प्रतिशत से अधिक थी। इस दौरान आधे से अधिक मानव दिवस रोजगार का सृजन महिलाओं द्वारा ही किया गया था।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कांग्रेस ने महिला पत्रकारों को कलम वीरागंना सम्मान से सम्मानित किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग द्वारा राजीव भवन में कलम वीरांगना सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेश की महिला पत्रकारों का शाल फल, पुष्पगुच्छ एवं पेन देकर सम्मान किया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शक्ति स्वरूपा नारी ने आज हर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। भारत में भी हमने महिलाओं को नेता, पत्रकार, उद्यमी जैसे विविध भूमिकाओं में सफल होते देखा है। स्व. इंदिरा गांधी जी ने एक प्रधानमंत्री के रूप में हमारे देश को संभाला महिलाओं को परिवार की रीढ़ भी माना जाता है। घरेलू कामों से लेकर बच्चों के पोषण तक वे कई जिम्मेदारियाँ संभालती हैं। हम प्रदेश की आप सभी महिला पत्रकारों की कर्मठता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण का सम्मान करते हैं। कार्यक्रम को वरिष्ठ नेता राजेन्द्र तिवारी ने भी संबोधित किया।




इस अवसर पर प्रियंका कौशल, ममता लांजेवार, रजनी ठाकुर, खुशबू ठाकरे, चित्रा पटेल, विनय त्रिवेदी, निधि प्रसाद, मोनिका दुबे, आकांक्षा तिवारी, सुप्रिया पाण्डेय, शोभा यादव, प्रिया पाण्डेय, तृप्ति सोनी, रेखा क्रिस्टोफर, शगुफ्ता शिरीन, स्वाति कौशिक, शुभ्रानन्दी, दामिनी बंजारे, निशा द्विवेदी और अम्बिका मिश्रा को कलम वीरागंना सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम के अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र तिवारी, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, सुरेंद्र शर्मा, महेंद्र छाबड़ा, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग सदस्य आर.पी सिंह, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी, धनंजय सिंह ठाकुर, शिव सिंह ठाकुर, नितिन भंसाली, सुरेंद्र वर्मा, वंदना राजपूत, अजय गंगवानी, मणि वैष्णव, अमित वास्तव, विकास बजाज, ऋषभ चंद्राकर, उषा रंजन वास्तव, सुधा सरोज, साक्षी सिरमौर, पूजा देवांगन, सोमेंद्र चटर्जी, सतीश चौरसिया, नरेश गढ़वाल, अर्पणा फ्रांसिस, हाजरून बानो, डॉक्टर करुणा कुर्रे, सरबजीत सिंह, एमडी देवांगन, राहुल कर, सिद्धांत शर्मा, शीत वास एवं कांग्रेसजन उपस्थित थे।

(VISHAL) Mobile No. 7000536728
SHREE MOBILE
Kasaridih, Sai Mandir Road, Near Raja Fire Works Azad Chowk, Durg (C.G.)
Email ID : vishalrohda99@gmail.com
♦ Buy ♦ Sell ♦ Purchase
( All Second Hand Mobile Available)

MENS Clothing
A COMPLETE MEN'S FASHION STORE
Shahrukh Quraishy 8818880051
Infront Of National Steel, Maharaja Chowk, Durg (C.G.) 491001
E-mail.:- shahrukhquraishy786@gmail.com

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
CONTACT
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

Jeans, Trousers, Shirts, T-shirts, Top, Legis, Suits & All Types of Mens & Ledies Wears
Rock Star
Girls & Mens Wear
Kishan Ahuja 9300628876
Maharja Chowk, opp. Oriental Bank, Borsi,Road, Durg (C.G.)

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI[TH] XII[TH] B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

## खास खबर

### आयुर्वेदिक हॉस्पिटल के शिशु वार्ड में चौबीसों घंटे बच्चों की देखभाल एवं उपचार की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध

**रायपुर।** आयुर्वेदिक हॉस्पिटल परिसर में संचालित शासकीय शिशु चिकित्सालय में 24 घंटे बच्चों की देखभाल एवं उपचार कि निःशुल्क सुविधा दी जा रही है। डॉ निलय मोझरकर ने बताया कि गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों के लिए वेंटिलेटर की सुविधा एवं नियमित टीकाकरण की सुविधा भी इस अस्पताल में उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि शिशु वार्ड में ज्यादातर गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों का ईलाज किया जाता हैं जैसे डायरिया, निमोनिया, सांस लेने में दिक्कत वाले मरीज ही ज्यादातर आते हैं। अभी तक 150 से अधिक बच्चो कि भर्ती कर उपचार किया जा चुका है। यहां 40 बच्चों की ओ पी डी प्रतिदिन की हैं। उन्होंने बताया कि यहां के शिशु वार्ड के जनरल वार्ड में 30 बेड, पीडियाट्रिक आई सी यू में 10 एवं एस एन सी यू 10 बेड के साथ संचालित है। वर्तमान में 4 डॉक्टर एवं 14 नर्सिंग स्टॉफ के साथ शिशु वॉर्ड में बेहतरीन ईलाज किया जा रहा हैं। समय से पहले पैदा हुए बच्चें का पिछले एक माह से वेंटिलेटर पर ईलाज चल रहा था और सेप्सीस के कारण ऑक्सीजन पर निर्भर था। बच्चें को उसकी मां के द्वारा कंगारू देखभाल के द्वारा आज बच्चा पूरी तरह स्वस्थ हो गया है।

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने हेतु ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

**रायपुर।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में जिले के पंजीकृत समस्त कृषकों को पीएम किसान पोर्टल में ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। कृषि विभाग जिला रायपुर के उप संचालक राजेन्द्र कुमार कश्यप ने बताया कि शासन द्वारा पीएम किसान योजना का लाभ सही पात्र कृषकों को देने एवं फर्जीवाडे को रोकने हेतु ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। इस हेतु पीएम किसान पोर्टल पर भी ई-केवाईसी अपडेट के लिए ऑप्शन दिया गया है। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी कराने हेतु पंजीकृत कृषक स्वयं पीएम किसान पोर्टल में जाकर अपने आधार कार्ड नंबर का सत्यापन कर सकते है या लोक सेवा केन्द्र, ग्रामीण च्वाईस सेंटर के माध्यम से भी सत्यापन करवा सकते हैं। कृषक द्वारा पोर्टल में ई-केवाईसी कराने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड नंबर का सत्यापन ई-केवाईसी नहीं कराने वाले कृषकों को पीएम किसान सम्मान निधि की आगामी किश्त की राशि प्रदाय नहीं की जाएगी।

### छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के विभिन्न पदों के परीक्षा परिणाम जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत मेडिसीन विशेषज्ञ, क्लीनिकल पैथोलाजिस्ट, क्लीनिकल बायोकेमिस्ट, चर्मरोग विशेषज्ञ तथा एपीडेमोलॉजिस्ट पदों के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए हैं। आयोग ने मेरिट के आधार पर वर्गवार सूची तैयार कर अंतिम चयन सूची और अनुपूरक सूची जारी कर दी है। आयोग द्वारा मेडिसीन विशेषज्ञ के 115 पद, क्लीनिकल पैथोलाजिस्ट, क्लीनिकल बायोकेमिस्ट, चर्मरोग विशेषज्ञ और एपीडेमोलॉजिस्ट के एक-एक पदों के लिए विज्ञापन जारी किया था। जिसकी परीक्षा 13 जनवरी को ली गई थी। परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के लिए 4 और 5 मार्च को साक्षात्कार आयोजित किया गया था। परीक्षा परिणाम और विस्तृत जानकारी लोक सेवा आयोग की वेबसाइट psc.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

### मुख स्वास्थ्य की देखभाल के लिए लगातार बढ़ रही सुविधाएं

**रायपुर।** राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य में मुख स्वास्थ्यकी देखभाल और इससे संबंधित रोगों के इलाज के लिए सुविधाओं में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है। प्रदेश के सभी जिला चिकित्सालयों और विकासखण्ड स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित प्रदेश के तीन शहरी स्वास्थ्य संस्थाओं में मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसके लिए डेन्टल सर्जन और डेन्टल असिस्टेन्ट की नियुक्ति के साथ ही डेन्टल चेयर एवं अन्य आवश्यक उपकरण स्थापित किए गए हैं। वर्तमान में प्रदेश में 190 से अधिक डेंटल सर्जनों के द्वारा जिला चिकित्सालयों व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में दंत चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। मुख स्वास्थ्य की जांच, देखभाल और इलाज के लिए जिला चिकित्सालयों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डेंटल चेयर और डेंटल एक्स-रे मशीनों की सुविधा उपलब्ध है। जरूरतमंद लोगों को आवश्यकतानुरूप सेवाएं निःशुल्क प्रदाय की जाती है।

# छत्तीसगढ़ सरकार किसानों और मेहनतकशों का सम्मान करने वाली सरकारः भूपेश बघेल

### विधानसभा में राज्यपाल के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन ध्वनिमत से पारित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के लिए उनके प्रति प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों और मेहनतकशों का सम्मान करने वाली सरकार है। राज्य सरकार राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों को, गोधन न्याय योजना के माध्यम से पशुपालकों और राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के माध्यम से किसानों को प्रोत्साहन राशि दे रही है, ताकि वे और अधिक मेहनत से अपने काम कर सके और उन्हें अपने कार्य के लिए मदद मिल सके।

विधानसभा में चर्चा के बाद राज्यपाल के अभिभाषण के लिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापन 'माननीय राज्यपाल महोदया ने जो अभिभाषण दिया उसके लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा के इस सत्र में समवेत् सदस्यगण अत्यंत कृतज्ञ हैं 'ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों, गरीब, मजदूरों, महिलाओं, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगभग 91 हजार करोड़ रुपए की राशि सीधे दी है, जिससे उनके जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं से व्यापारी और उद्योगपति भी खुश हैं।

मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के अभिभाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने राज्य सरकार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए अपने अभिभाषण में कहा कि 'मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि स्थानीय संसाधनों और जनता के आत्मगौरव के प्रति मेरी सरकार के बेहद संवेदनशील व्यवहार को भरपूर सराहना मिल रही है। समावेशी विकास का छत्तीसगढ़ मॉडल बहुत सफल रहा है। मैं चाहती हूं कि आर्थिक रूप से कमजोर तबकों के साथ ही प्रदेश के समग्र विकास में आई तेजी का सिलसिला लगातार जारी रहे और इसमें आप सबका भरपूर सहयोग मिले'। मुख्यमंत्री ने अभिभाषण के लिए अपनी ओर से और सदन की ओर से राज्यपाल के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की चार चिन्हारी 'नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी' सुराजी गांव योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि छोटे-छोटे कामों से बड़े परिवर्तन होते हैं। गांवों में गौठान बने, गोधन न्याय योजना में गोबर खरीदकर वर्मी कम्पोस्ट बनायी जा



रही है। इस योजना को देखने केन्द्रीय टीम और गुजरात के 21 विधायकों का दल आया था। अब तो प्रधानमंत्री भी गोबर खरीदी की बात कर रहे हैं। गोधन न्याय योजना में गोबर बेचने वाले दो लाख लोग पंजीकृत है, जिनमें से 98 हजार भूमिहीन है और 47 प्रतिशत महिलाएं हैं। इस योजना के चलते डेयरी संचालकों और पशुपालकों के लिए मवेशी अब बोझ नहीं हैं। छुट्टा जानवरों के कारण एक फसल बचाना मुश्किल होता था। इस समस्या के निदान के लिए छत्तीसगढ़ की पुरानी परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए गौठान बनाए जा रहे हैं। गौठानों को इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसमें पारंपरिक व्यवसाय करने वालों, स्थानीय कारीगरों और नए लोगों को जोड़ा जा रहा है।

### राज्य सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए कर रही कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र से राज्य सरकार को मिलने वाले अनुदान और केंद्रीय करों का हिस्सा लगातार कम होते जा रहा है। केंद्र सरकार जीएसटी की राशि न देकर कर्ज लेने के लिए कहती है। इस वर्ष जून 2022 में जीएसटी की क्षतिपूर्ति की राशि भी बंद हो जाएगी। इसे छत्तीसगढ़ को लगभग 5000 करोड़ का शुद्ध नुकसान होगा। यदि राज्य सरकार को केंद्र से अनुदान, केंद्रीय करों की राशि अधिक मिलती, जीएसटी की राशि मिलती, तो हम किसानों, मजदूरों, महिलाओं, गरीबों सहित सभी वर्गों के लिए और ज्यादा बेहतर ढंग से कार्य करते। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में धान खरीदी का आंकड़ा लगातार बढ़ता गया। इस वर्ष 98 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की गई। इस अवधि में किसानों का खेती के प्रति रूझान बढ़ा है। पंजीकृत किसानों की संख्या 15 लाख से बढ़कर 22 लाख हो गई। खेती का रकबा भी बढ़ा है। श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार सुराजी गांव और महात्मा गांधी की ग्राम स्वराज की परिकल्पना पर कार्य कर रही है। जब गांव के लोग मजबूत होंगे, तो हमारे शहर भी मजबूत होंगे।

### छत्तीसगढ़ शांति का टापू

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ संत कबीर और बाबा गुरू घासीदास की धरती है, जहां सत्य, अहिंसा और प्रेम की बयार बहती है। इसलिए छत्तीसगढ़ को शांति का टापू कहा जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विपक्ष के सदस्यों के सुझावों और आलोचना को गंभीरता से लेती है। उन्होंने विपक्ष के सवालों का सिलसिले वार जवाब देते हुए कहा कि यदि हमारी सरकार नहीं बनती तो किसानों की कर्जमाफी, किसानों को धान का 2500 रूपए प्रति क्विंटल मूल्य, राजीव गांधी किसान न्याय योजना में 9000 रूपए की इनपुट सब्सिडी, 400 करोड़ रूपए का सिंचाई कर माफी, प्रति परिवार 35 किलो चावल नहीं मिलता। कोदा, कुटकी और रागी की खरीदी भी नहीं होती। राज्य सरकार ने हमेशा गरीबों, मजदूरों, किसानों, अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति वर्ग, महिलाओं, व्यापारियों और उद्योगों के विकास के लिए कार्य कर रही है। श्री बघेल ने औद्योगिक क्षेत्र के संबंध में कहा कि क्या छत्तीसगढ़ में डेनेक्स ब्राण्ड, कोडेनार ब्राण्ड नहीं है। क्या छत्तीसगढ़ में कैचअप, इमली की कैण्डी, अमचुर नहीं बनता। कृषि, उद्यानिकी फसलों और लघु वनोपजों में लगातार वैल्यूएडिशन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रायपुर का स्काई वॉक पिछली सरकार की असफलता का स्मारक है। उन्होंने कहा कि मड़वा ताप बिजली घर एक अजूबा है, जिससे सबसे मंहगी बिजली मिल रही है। उन्होंने नशे के प्रश्न पर कहा कि गांजा तस्करों पर हमारी पुलिस कठोर कार्रवाई कर रही है। हुक्काबार बंद किया।

## पारंपरिक ढेकी से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की अभिनव पहल

### परम्परागत संसाधनों का मोल समझ रही नयी पीढ़ी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में ढेकी से चावल निकालने की परम्परा रही है। पहले गांव के हर घर में ढेकी होती थी। ढेकी का कुटा हुआ चावल बहुत स्वादिष्ट और पौष्टिक होता है, इसलिए महानगरों में आज भी ढेकी चावल की अच्छी खासी मांग है। इसे देखते हुए दंतेवाड़ा जिले में ढेकी से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की अभिनव पहल की गई है।

राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत कटेकल्याण में ढेकी चावल निर्माण इकाई का 2022 में शुभारंभ किया गया है। इसमें महिला स्व-सहायता समूहो की 15 दीदीयां काम कर रही हैं। यहा ढेकी में उपयोग किए जा रहे धान पास के ही गावों से लाए जाते है, जिससे लगभग 100 से भी अधिक महिलाएं अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो रही हैं। इसके अलावा 90 से भी अधिक ढेकी बनकर तैयार हैं, जिससे और भी लोगों को रोजगार मिलेगा। ढेकी राईस को डैनेक्स यानी दंतेवाड़ा नेक्सट के ब्रांड के साथ बाजार में उतारा जा रहा है, जो कि दन्तेवाड़ा जिले का अपना ब्राण्ड है।

दन्तेवाड़ा में किसान खेती में जैविक खाद का उपयोग कर रहे हैं। उनके द्वारा खेतों में रासायनिक खाद एवं दवाइयों का प्रयोग नहीं करने से उत्पादित चावल पूरी तरह स्वास्थप्रद और केमिकल फ्री होते हैं। ढेकी चावल तैयार करने के लिए जैविक रूप से उत्पादित देशज प्रजातियों का उपयोग किया जाता है। कुटाई के बाद चावल की सफाई और पैंकिंग का कार्य भी महिलाओं को दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि ढेकी एक पुरानी शैली की चावल मिल है। यह कठोर लकड़ी की बनी होती है। जिसे एक ओर पैर से दबाया जाता है और दूसरी ओर लोहे की एक मूसल लगी होती है। मूसल से ओखलीनुमा लकड़ी पर भरे गए धान की कुटाई होती है। जब धान में भार के कारण बल पड़ता है तो सुनहरी भूसी चावल से अलग हो जाती है।

## होली में खुशियां बिखेरने महिलाएं तैयार कर रहीं हर्बल गुलाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रंगों के पर्व होली में खुशियां बिखरने गुलाल का विशेष महत्व है। बाजार में जो गुलाल उपलब्ध होते हैं, उनमें रसायनों की मिलावट के कारण त्वचा पर दुष्प्रभाव पड़ता है। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ में कई महिला स्व-सहायता समूह केमिकल रहित हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं। सुकमा जिले में भी महिलाओं ने इस साल हर्बल गुलाल से होली खुशनुमा बनाने की तैयारी कर ली है। पंचायत के माध्यम से ग्राम नागारास के कोट्टीगुड़ा के मुस्कान समूह की दीदीयों को हर्बल गुलाल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है। इससे जिलेवासियों को रसायन रहित रंग उपलब्ध होने के साथ महिलाओं के लिए आय का नया



रास्ता खुला है।

समूह की दीदीयों ने बताया कि वे पहले रोजगार की तलाश में दूसरे राज्य जाती थीं। पंचायत विभाग की मदद से पहली बार घर पर रहकर वे हर्बल गुलाल बना रही हैं। उन्होंने गुलाल बनाने के लिए मक्के का आटा और प्राकृतिक खाने वाले रंगों का इस्तेमाल किया है। गुलाल में खुशबु के लिए वे सुगंधित बॉडी पाउडर और बादाम के तेल का उपयोग करती हैं। उनके द्वारा निर्मित गुलाल से स्वास्थ्य पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। इसे बड़ों के साथ साथ बच्चे भी निश्चिन्त होकर प्रयोग में ला सकते है। इस गुलाल से जलन और त्वचा पर खुजली की परेशानी भी नहीं होती। उन्होंने बताया कि पहली बार होने के कारण कम मात्रा में गुलाल बना रहें है, मांग बढ़ने के अनुसार उत्पादन में भी वृद्धि करेंगे।

ग्रामीण आजिविका मिशन के जिला कार्यक्रम समन्वयक महेन्द्र चौहान ने बताया कि मुस्कान समूह को पंखुड़ी संस्था के माध्यम से गुलाल बनाने से लेकर विक्रय तक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वे लाल, हरा, पीला, नीला और गुलाबी रंगों के 2 क्विंटल गुलाल बना रहीं हैं। गुलाल को स्थानीय बाजार के साथ ही शबरी मार्ट में मात्र 30 रुपए में विक्रय किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजनाः कुहेरा में बनेगा सड़क

## ग्रामवासियों ने मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के प्रति जताया आभार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन, विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया की अनुशंसा पर आरंग विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुहेरा में मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना अंतर्गत मुख्य सड़क से शासकीय प्राथमिक शाला एवं पंचायत भवन तक 17 लाख 31 हजार रूपए की लागत से सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। इस सड़क का भूमिपूजन आज क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की गरिमा उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कोमल साहू, माखन कुर्रे, शुभांषु साहू सहित क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि एवं ग्रामवासी मौजूद थे। ग्रामवासियों ने सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की है।

### ब्रम्हांड की सारी शक्ति नारी में समाहित है और उसी शक्ति के परिणामतः ये संसार जीवन्त है

## संसार की समस्त आदि शक्ति को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मेरा नमनः अरविंद कुमार वर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर रायपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर द्वारा कोविड-19 के प्रोटोकाल का पालन करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के समस्त न्यायाधीश, पैरालीगल वॉलिटियर, अधिवक्तागण, न्यायालयीन अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा समाज सेवी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश अरविंद कुमार वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। जिला न्यायाधीश ने जिले की सम्मानित महिलाओं को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस कर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, हमारे देश में वर्ष के पूरे 365 दिन






अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस होता है। सांकेतिक रूप से आज इस दिवस को हम वृहद पैमाने पर मना रहे हैं, परंतु महिलाओं की भूमिका समाज, देश, संस्कृति के उत्थान में पूरे वर्ष प्रतिबिम्बित होता है इसलिए महिलाओं के प्रति मान सम्मान एवं उनके कानूनी अधिकारों की रक्षा सदैव होना चाहिए।

वरिष्ठ महिला न्यायाधीश लीना अग्रवाल द्वारा महिलाओं की न्यायपालिका में भूमिका के संबंध में जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि आज हर क्षेत्र में महिलाओं का योगदान देश की प्रगति में सतत रूप से सहयोग प्रदान कर रहा है ।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण मिश्रा द्वारा बताया गया कि, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज के दिन विशेष रूप से अभियान चलाया जा रहा है। लगभग सैंकड़ों की संख्या में जागरूकता शिविर कर महिलाओं के अधिकारों की जानकारी पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें महिला पैरालीगल वॉलिटियर एवं महिला पेनल अधिवक्तागण घर-घर जाकर, बस स्टॅण्ड, रेल्वे स्टेशन एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों में महिलाओं के संवैधनिक, कानूनी अधिकारों के बारे में उन्हें अवगत कराएंगे और लगभग एक हजार शिविर का लक्ष्य आज के दिन नियत किया गया है। कार्यक्रम के पश्चात् महिला न्यायिक अधिकारीगण, पैरालीगल वॉलिटियर को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान

श्रीराम कलेक्शन

बच्चों के आकर्षक रेडिमेड वस्त्रों के विक्रेता
जवाहर मार्केट केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई
789805563, 9827178585


प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094


BIHAR
BOOT HOUSE
Jawahar Market,
Power House
Bhilai 9826181183

## खास खबर

### विद्या बालन और शेफाली शाह स्टारर 'जलसा' का ट्रेलर आउट

एक्ट्रेस विद्या बालन और शेफाली शाह स्टारर 'जलसा' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। विद्या बालन ने खुद भी इस सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर किया है। जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है, सत्य कथा से भी अधिक विस्मयकारक होता है। 'जलसा' 18 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर आ रही है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। सुरेश त्रिवेणी के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में विद्या-शेफाली के अलावा मानव कौल, रोहिणी हट्टंगड़ी, इकबाल खान, विधात्री बंदी, श्रीकांत मोहन यादव ,सूर्या काशीभटला और शफीन पटेल सहित कई कलाकार मुख्य भूमिका में हैं।

### ऋषि कपूर की आखिरी फिल्म 'शर्माजी नमकीन' 31 मार्च को ओटीटी पर होगी स्ट्रीम

दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर की आखिरी फिल्म 'शर्माजी नमकीन' की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट कर दी गई है। इस बात की जानकारी मेकर्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म के 2 नए पोस्टर शेयर कर दी है। पोस्टर में बताया गया है कि फिल्म 31 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी। हितेश भाटिया के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में दिवंगत ऋषि कपूर के अलावा परेश रावल, जूही चावला, सुहैल नैयर, तारुक रैना, सतीश कौशिक, शीबा चड्ढा और ईशा तलवार भी लीड रोल में हैं। बता दें कि इस फिल्म की आधी शूटिंग होने के बाद 30 अप्रैल 2020 को ऋषि कपूर का निधन हो गया था। उनके निधन के बाद परेश रावल ने उनके किरदार को प्ले किया और फिल्म की बची हुई शूटिंग पूरी की थी।

### 'निमकी मुखिया' फेम भूमिका गुरुंग बंधीं शादी के बंधन में

'निमकी मुखिया' फेम भूमिका गुरुंग आज यानी 8 मार्च को शादी के बंधन में बंध गई हैं। भूमिका ने मुंबई के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में अपने परिवार और दोस्तों के बीच इंटीमेट सेरेमनी में शादी की। भूमिका की शादी की फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रही हैं। ब्राइडल लुक में भूमिका बेहद खूबसूरत लग रही थीं।

### हेमा मालिनी कंटेस्टेंट के स्टंट देखकर हुईं हैरान

टीवी रियलिटी शो 'हुनरबाज' के मेकर्स ने हाल ही में शो का प्रोमो रिलीज किया, जिसमें हेमा मालिनी स्पेशल गेस्ट के रूप में नजर आईं। शो में एक कंटेस्टेंट के स्टंट देखकर हेमा हैरान हो गईं और चीख निकल गई। दरअसल शो में टीपू पहलवान नाम के शख्स ने हिस्सा लिया। उन्होंने अपनी छाती के ऊपर से भारी जीप गुजरवाई। इसको देख हेमा मालिनी सहित सभी लोग हैरान रह गए।

### तापसी पन्नू स्टारर 'शाबाश मिठू' का पोस्टर आउट

तापसी पन्नू स्टारर बायोपिक शाबाश मिठू का नया पोस्टर रिलीज हुआ है। इस बात की जानकारी खुद तापसी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर दी है। उन्होंने लिखा, उसने लाखों लोगों को इंस्पायर किया है। इनमें से मैं भी एक हूं। यह फिल्म भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्लेयर मिताली राज की लाइफ पर बेस्ड है। इस फिल्म को श्रीजीत मुखर्जी ने डायरेक्ट कर रहे हैं।

### लियोनार्डो डिकैप्रियो ने यूक्रेन को डोनेट किए 76 करोड़ रुपए

रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है, इसके चलते यूक्रेन को भारी नुकसान हो रहा है। इसके सपोर्ट में अब हॉलीवुड स्टार लियोनार्डो डिकैप्रियो आए हैं। उन्होंने यूक्रेन को 10 मिलियन डालर यानी करीब 76 करोड़ रुपए डोनेट किए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लियोनार्डो की नानी यूक्रेन के ओडेसा शहर से हैं।

### सिद्धार्थ-रश्मिका स्टारर 'मिशन मजनू' 10 जून को होगी रिलीज

कोरोना के बाद फिल्म इंडस्ट्री एक बार फिर से अपने पैरों पर खड़ी होने की कोशिश कर रही है. कोरोना की वजह से लगे लॉकडाउन ने तीन पर सिनेमाघरों को बंद करने के लिए मजबूर कर दिया था. लेकिन अब ओमिक्रॉन का कहर कम होने के बाद फिर से थिएटर्स 100 प्रतिशत क्षमता के साथ खुल गए हैं और फिल्ममेकर्स अब अपनी फिल्मों को सिनेमाघरों में रिलीज करने का ऐलान करने लगे हैं. सिद्धार्थ मल्होत्रा और रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म मिशन मजनू की रिलीज डेट तय हो गई है. इस फिल्म को रॉनी स्क्रूवाला की आरएसवीपी और गिल्टी बाय एसोसिएशन ने मिलकर बनाया है. ऐसे में ये फिल्म अब 10 जून 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. वहीं, शांतनु बागची द्वारा निर्देशित मिशन मंजनू की कहानी दिलचस्प ढंग से 1970 के दशक में स्थापित जासूसी थ्रिलर है।

# आलिया भट्ट से लेकर कटरीना कैफ तक, इन बॉलीवुड सेलेब्स का जन्म हुआ था भारत से बाहर

'गंगूबाई काठियावाड़ी' फेम आलिया भट्ट का जन्म भारत में नहीं बल्कि बाहर हुआ था। लंदन में जन्मी आलिया अपनी मां की तरह ब्रिटिश सिटीजनशिप रखती हैं। बॉलीवुड इंडस्ट्री में ऐसे और भी कई स्टार्स हैं, जिनका जन्म भारत के बाहर हुआ था। आइए जानते हैं इन सेलेब्स के बारे में:-

### दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण का जन्म दानिश कैपिटल, कोपेनहैगन में हुआ था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उस समय एक्ट्रेस के पिता एक्सटेंसिव ट्रेनिंग प्रोग्राम की वजह से दानिश शहर में थे।

### सारा जेन डियास

सारा जेन का जन्म ओमान के शहर मस्कट में हुआ था। सारा 2007 में फेमिना मिस इंडिया रह चुकी हैं। सारा 'गेम' और 'क्या सुपर कूल हैं हम' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

### इमरान खान

इमरान खान का जन्म अमेरिकी स्टेट विस्कॉन्सिन की कैपिटल मैडिसन में हुआ था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान अपने पेरेंट्स के तलाक होने के बाद मुंबई वापस आ गए थे। इमरान बॉलीवुड एक्टर आमिर खान के भतीजे हैं। 'जाने तू या जाने ना' से पॉपुलर हुए एक्टर ने कई फिल्मों में काम किया है।



### आलिया भट्ट

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट का जन्म लंदन, यूनाइटेड किंगडम में हुआ था। आलिया ने 'राजी' और 'हाइवे' जैसी कई हिट फिल्में दी हैं।

### कटरीना कैफ

कटरीना कैफ का जन्म 1983 में ब्रिटिश हॉन्ग कॉन्ग में हुआ था, उस वक्त हॉन्ग कॉन्ग पर ब्रिटिश का राज था। इसलिए एक्ट्रेस के पास ब्रिटिश सिटीजनशिप है। कटरीना के पेरेंट्स भी ब्रिटिश नागरिक हैं, उनके पिता कश्मीर से बिलॉन्ग करते हैं।

### एमी जैक्सन

बॉलीवुड में आने से पहले एमी जैक्सन एक ब्रिटिश मॉडल थीं और उनका जन्म भी ब्रिटेन में हुआ था।

### मोनिका डोगरा


म्यूजिशियन और एक्ट्रेस मोनिका डोगरा का जन्म भी अमेरिका में हुआ था। उनकी सबसे बड़ी बॉलीवुड हिट फिल्म आमिर खान-स्टारर 'धोबी घाट' थी। 34 साल की एक्ट्रेस का जन्म मैरीलैंड के बाल्टीमोर में हुआ था।

### सनी लियोनी

बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोनी का जन्म कनाडा में हुआ था। बॉलीवुड इंडस्ट्री में करियर शुरू करने से पहले सनी कनाडा की फेमस मॉडल हुआ करती थीं।

# महिला दिवस पर अक्षरा सिंह ने महिलाओं को दिया खास संदेश, कहा- बस उड़ना है इस बारी

दुनिया भर में आज का दिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस मौके पर दुनिया भर में सभी लोग महिलाओं को समाज में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करते नजर आ रहे हैं। वहीं कई लोग सोशल मीडिया के जरिए नारी सशक्तिकरण से जुड़े संदेश एक- दूसरे के साथ साझा करते नजर आ रहे हैं। इसी बीच मनोरंजन जगत के कई कलाकार भी इस खास मौके पर नारी शक्ति को सलाम करते नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने भी महिला दिवस के मौके पर एक पोस्ट शेयर कर फैंस के साथ एक खास संदेश साझा किया है।



अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किए गए इस पोस्ट में अभिनेत्री ने अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए बेहद खास कैप्शन भी लिखा है। शेयर की गई इस तस्वीर में अभिनेत्री लहंगे में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। वहीं, कैप्शन में उन्होंने महिलाओं की हसरत और उनकी उड़ान के बारे में एक शायरी लिखी है।

अक्षरा ने अपने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा, कोई पूछे तो रंजिश कहना, कोई पूछे तो यारी, कोई पूछे हसरत क्या है? कहना सीखी है अय्यारी। कोई पूछे तो बंदिश कहना, कोई पूछे तो हूँ मैं नारी, कोई पूछे हसरत क्या? कहना उड़ना है इस बारी, बस उड़ना है इस बारी। इसके साथ ही उन्होंने सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं भी दी।

अक्षरा सिंह भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। अपने बेहतरीन अभिनय के दम पर अक्षरा ने फिल्म जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यही वजह है कि अभिनेत्री इस समय भोजपुरी इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल हैं। अक्षरा सिंह भोजपुरी सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिनकी यूपी और बिहार में प्रशंसकों की एक लंबी चौड़ी लिस्ट हैं। फिल्मों के साथ ही अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहती हैं।

करियर की बात करें तो अक्षरा ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत साल 2010 में आई भोजपुरी फिल्म 'सत्यमेव जयते' से की थी। इस फिल्म में उनके साथ सुपरस्टार रवि किशन भी नजर आए थे। भोजपुरी सिनेमा के साथ ही अभिनेत्री ने टीवी इंडस्ट्री में भी काम किया है। उन्होंने तबादला, धड़कन, सत्या, मां तुझे सलाम, सौगंध गंगा मैया के जैसी कई सुपरहिट भोजपुरी फिल्मों में काम किया है।

## 'काचा बादाम' के गायक भुबन बादायकर ने 'एक्सीडेंट' पर गाया नया गाना, हुआ वायरल

'काचा बादाम' गाने से रातों रात स्टार बने भुबन बादायकर का पिछले दिनों ऐक्सिडेंट हो गया था. भुबन ने अपनी नयी कार खरीदी थी और वह कार चलाना सीख रहे थे. उसी समय उनकी दुर्घटना हो गयी थी. अब वह पूरी तरह ठीक हैं, लेकिन अपनी दुर्घटना को लेकर भुबन बादायकर ने नया गाना रिकार्ड किया है और वह गाना भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. पश्चिम बंगाल के बोलपुर के गोधूली स्टूडियो में नये गाने की रिकार्डिंग हुई है. इसमें वह अपनी दुर्घटना की कहानी बता रहे हैं और बताते हैं कि ईश्वर की कृपा से उनकी जान बच पाई है. बंगाल में बादाम बेचने वाले भुबन बादायकर के गाने जिस तरह से वायरल हुए है, उससे सभी परिचित हैं. शायद ही कोई ऐसा होगा, जिसने भुबन बादायकर के गाने 'काचा बादाम' पर डांस न किया हो. इंस्टाग्राम रील्स का मतलब अब 'काचा बादाम' है. स्टार से लेकर आम इंसान हर कोई 'काचा बादाम' की धुन पर डांस कर रील बना रहे हैं. भुबन बादायकर पहले ही कोलकाता में एक प्रसिद्ध फाइव स्टार शो कर चुके हैं और उसकी भी काफी चर्चा हो रही है.

बता दें कि उन्होंने सेकेंड हैंड कार भी खरीदी थी और उस कार को चलाना सीखते समय दुर्घटना हो गई और वह दुर्घटना में घायल हो गये थे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था. हालांकि, वह स्वस्थ भी हो गए हैं और फिर से गाना शुरू कर दिया है. इस बार उन्होंने कार दुर्घटना के बारे में एक गाना गाया है. 'काचा बादाम' की तरह यह गाना भी तेजी से वायरल हो रहा है. हालांकि, बड़ी संख्या में नेटिज़न्स सोचते हैं कि लोकप्रियता के मामले में 'काचा बादाम' अभी आगे हैं.



## होली में रंग बिखेरने जोया सिरीज़ सीजी म्युजिक ला रहा डीजे वाला

छतीसगढ़ी गीतों के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करने के लिए जोया सिरीज़ में एक नया डांस गीत डीजे वाला होली से पहले रिलीज कर दिया जाएगा यह गीत लोगों को थिरकने पर मजबूर कर देगा क्योंकि इस गीत को आवाज दिए हैं छत्तीसगढ़ के बेस्ट सिंगर ओमेश जी व भूमिका साहू जी ने वहीं कास्ट में गौरव गुप्ता और मुस्कान नैना ने अपनी भुमिका निभाए हैं भोला मंहत ने अपने टीम के साथ कोरियोग्राफी किए हैं वहीं डायरेक्टर अमनजीत मंहत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है पुरी शुटिंग कोरबा में सेवन फिल्म्स के सेट पर हुई है

# हमें चालाकी नहीं आती है, इस वजह से लोग हमारा फायदा उठा लेते हैं: बॉबी देओल

बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया कि कैसे कुछ लोगों ने कुछ साल पहले उनकी फैमिली का फायदा उठाया था। इस बारे में बात करते हुए बॉबी कहते हैं, हम बहुत ही सिंपल लोग हैं। हमें चालाकी नहीं आती है। इस वजह से लोग हमारा फायदा उठा लेते हैं। ऐसे कई लोग हैं जिनकी हमने मदद की, लेकिन उन्होंने हमारा फायदा उठाया, हमारा नाम खराब किया और आगे बढ़ गए।

### बॉबी ने सुनाया किस्सा

बॉबी आगे कहते हैं, यह सब अक्सर होता रहता है। लेकिन हम अच्छे लोग हैं और भगवान हम सबको देख रहा है। जब हम बच्चे थे तब मुझे मेरे पेरेंट्स ने बताया था कि एक अच्छे इंसान बनो, जमीन से जुड़े रहो और फिर आप जो चाहो जिंदगी में हासिल कर लोगे।



### बॉबी ने कहा कि यंग लोगों के लिए पढ़ाई है बहुत जरूरी

बॉबी ने यह भी कहा कि यंग लोग जो बॉलीवुड में एंटर करना चाहते हैं उनके लिए पढ़ाई बहुत जरूरी है, क्योंकि अगर वो काम नहीं कर पाते हैं, तो वो कुछ और कर सकते हैं। बॉबी कहते हैं, मैं चाहता था कि मेरे बच्चे पहले अपनी पढ़ाई पूरी करें। मेरा बेटा बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई पढ़ रहा है। मैं चाहता हूं कि वो अपनी पढ़ाई पूरी करे और अपना मन बना ले ताकि अगर वो फिल्म इंडस्ट्री में फेल होता है तो उसके बाद भी वो कुछ और कर सके।

इसलिए यह उन यंग लोगों के लिए बहुत जरूरी है, जो एक्टर बनने से पहले अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं, क्योंकि मैं एक उदाहरण हूं, मैं एक स्टार के बेटे के रूप में उस दौर से गुजरा हूं।

### बॉबी ने 'बरसात' से की थी अपने करियर की शुरूआत

बॉबी की बात करें तो वो एक्टर धर्मेंद्र और उनकी पहली पत्नी प्रकाश कौर के छोटे बेटे हैं। बॉबी ने अपने करियर की शुरुआत 1995 में फिल्म 'बरसात' से की थी। बाद में उन्होंने 'गुप्त', 'सैनिक', 'बादल', 'बिच्छू', 'अजनबी', 'हमराज', और कई अन्य फिल्मों में काम किया। बॉबी को आखिरी बार 'लव हॉस्टल' में देखा गया था, जो 25 फरवरी, 2022 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में बॉबी के साथ विक्रांत मैसी और सान्या मल्होत्राभी थे।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- 9303289950, 9827806026, 8962815243


















## खास खबर

### लंबित प्रकरणों को जल्द निराकरण करने कलेक्टर कर रहे जनपदों की समीक्षा

**सूरजपुर।** जनपद पंचायत रामानुजनगर में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह व जिला पंचायत सीईओ राहुल देव ने जनपद अंतर्गत होने वाले विभागीय कार्यों की समीक्षा की। बैठक में रामानुजनगर जनपद के समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी तकनीकी सहायकों से धरातल में हो रहे कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने समस्त तकनीकी सहायकों को अपने सचिवों तत्काल बात कर जनपद स्तर पर जितने भी राशन एवं पेंशन के लंबित प्रकरण की जानकारी मंगाई तथा लंबित प्रकरणों का निराकरण यथाशीघ्र करने के निर्देश जनपद सीईओ को दिये। उन्होंने जनपद में जितने नये गौठान बने है। उनके कार्यों की प्रगति के बारे जानकारी लेते हुए उन्होंने कुछ गौठानों में केचुआं उत्पादन केन्द्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये। साथ उन्होंने जनपद में जितने भी गौठान है, उनमें कितने में मल्टी एक्टिविटी कार्य प्रारम्भ हो गये और कितने में काम बाकी है, उनकी जानकारी ली। उन्होंने जनपद स्तर पर जितने भी कार्य अप्रारम्भ है उनको शीघ्र प्रारम्भ कर जानकारी उपलब्ध कराने तथा जो कार्य पूर्ण हो गये है। उनकी सीसी जारी करने के निर्देश दिये। जिसमें ग्रामीण यांत्रिकी सेवा से संपादित होने वाले कार्य, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, जिला खनिज संस्थान न्यास मद, सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण, स्कूल शिक्षा मद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, भूतपूर्व एवं वर्तमान पंचायत पदाधिकारियों के विरूद्ध बकाया वसूली की जानकारी ली।

### चिटफंड कंपनी के निवेशकों को एक करोड़ 58 लाख 39 हजार 419 रूपए की राशि होगी शीघ्र वापस, तैयारी पूर्ण

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार चिटफंड कंपनियों के निवेशकों को निवेश की राशि लौटाए जाने हेतु कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा लगातार चिटफंड कंपनियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिसके परिणाम स्वरूप याल्स्को रियल स्टेट एण्ड एग्रो फार्मिंग लिमिटेड और अनमोल इंडिया एग्रो हर्बल फार्मिंग एण्ड की संपत्ति की नीलामी से प्राप्त कुल 1 करोड़ 58 लाख 39 हजार 419 रूपए की राशि जल्द ही निवेशकों को लौटाई जाएगी। इसके लिए तैयारी पूर्ण कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि चिटफंड कंपनियों के निवेशकों को निवेश की राशि लौटाए जाने के लिए कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अब तक चिटफंड कंपनी के 17 हजार 360 निवेशकों को 11 करोड़ 22 लाख 46 हजार 293 रूपए की राशि वापस कर दी गई है।

# जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित निराकरण करें - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण के लिए ग्रामवार राजस्व शिविर का आयोजन लगातार करें। ग्रामीणों के समस्या का निराकरण गांव में ही किया जाना चाहिए।**




नामांकन, सीमांकन, बंटवारा, ऋण पुस्तिका जैसे प्रकरण राजस्व की पहली प्राथमिकता है। इसके लिए नागरिकों को भटकना न पड़े। आम नागरिकों से संपर्क रखते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर त्वरित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि तहसीलदार सभी पटवारियों के कार्यों का मॉनिटरिंग करें। पटवारियों के विरूद्ध शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। शिकायत मिलने और जांच में सही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करें। पटवारियों के हल्का कार्यालय में निर्धारित तिथि एवं समय में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। कार्यालय के बाहर पटवारियों के बैठने की निर्धारित तिथि और समय चस्पा होना चाहिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से कहा कि कोर्ट में बैठने और भ्रमण का दिन निर्धारित होनी चाहिए। कार्यालय के बाहर प्रतिदिन कोर्ट में बैठने और भ्रमण की निर्धारित तिथि का उल्लेख करें।

कलेक्टर सिन्हा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जिले की महिला स्वसहायता समूह को प्रदेश में सर्वाधिक 107 करोड़ रूपए बैंक लिंकेज के माध्मय से ऋण प्राप्त हुआ है और एनपीए राज्य स्तर से भी कम है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। इसी तरह जिले में कोरोना वैक्सीनेशन में पुरूष की अपेक्षा महिलाओं ने अधिक वैक्सीन लगाया है। कलेक्टर सिन्हा ने स्कूलों में खेलकूद गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के सभी स्कूलों में खेल सामग्री उपलब्ध होनी चाहिए। स्कूलों में भण्डार नियम का पालन करते हुए गुणवत्तायुक्त खेल सामग्री का क्रय किया जाए। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु में आगजनी की संभावना को ध्यान में रखते हुए जिले में स्थित फायर बिग्रेड वाहन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसी भी दुर्घटना से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखे। इसके लिए मॉकड्रील करते रहें। खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि इस वर्ष लक्ष्य के अनुरूप धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए किसानों को प्रेरित करें। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि जिले के सभी एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर विद्यालयों में शौचालयों की मरम्मत एवं साफ-सुथरा कराने की दिशा में कार्य करें। जनसामान्य के लिए बनाए गए शौचालय आदर्श होनी चाहिए और साफ-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वसहायता समूह द्वारा उत्पादित सामग्रियों का क्रय सभी आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल, छात्रावासों में किया जा रहा है। इसी प्रकार सभी विभाग कार्यालय में उपयोग होने वाली वस्तुओं का क्रय स्वसहायता समूह से करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हाट बाजार, नरवा के कार्य, निर्माण कार्य सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ लोकेश चंद्राकर ने गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण की प्रक्रिया लगातार चलनी चाहिए। सभी गौठानों में स्वसहायता समूहों द्वारा आजीविका मूलक गतिविधियां संचालित होनी चाहिए।

# लड़कियों को स्कूली शिक्षा के दौरान ही मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दी जाए : डॉ.किरणमयी नायक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ पुलिस और यूनिसेफके संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ आज राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री हिमांशु गुप्ता एवं यूनिसेफके छत्तीसगढ़ प्रमुख श्री जोव जकारियाह के मुख्य आतिथ्य में स्थानीय होटल के सभागार में किया गया।**



इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा पिछले एक वर्ष से महिला और बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण विषय पर संचालित जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्षभर चलाये गए अभिव्यक्ति अभियान को संकलित करते हुये एक डोजियर का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ.किरणमयी नायक ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी लोगों को लैंगिक भेदभाव को दूर करने की शुरूआत अपने घरों से ही प्रारंभ करने की आवश्यकता है, ताकि बच्चों को कभी लैंगिक भेदभाव महसूस न हो। उन्होंने कहा कि महिला दिवस केवल महिलाओं के लिये नहीं है, महिला को सशक्त एवं जागरूक करने के लिए पुरूषों की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि लड़कियों को स्कूली शिक्षा के दौरान मार्शल आर्ट ट्रेनिंग दी जानी चाहिये, ताकि आगे चलकर वे अपनी सुरक्षा स्वयं कर सके। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि कार्यशाला के दौरान महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए और अच्छे सुझाव प्राप्त होंगे।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री हिमांशु गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि अभिव्यक्ति कार्यक्रम का आयोजन हमें एक नई दिशा प्रदान करेगी, जिससे समाज में महिलाएं और अधिक मजबूत होगी।

यूनिसेफ के राज्य प्रमुख श्री जकारियाह ने महिलाओं को सशक्त एवं जागरूक करने हेतु विभिन्न उपायों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पूर्व महानिदेशक श्री आर.के.विज ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उप पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती हिमानी खन्ना द्वारा पूरे वर्षभर चलाए गए अभिव्यक्ति कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में 3.5 लाख से अधिक महिलाओं और बच्चों को जागरूक करने में सफलता प्राप्त हुई है। साथ ही छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा प्रारंभ किए गए अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा एप में 10 हजार से अधिक महिलाएं एवं युवतियों ने इसका लाभ प्राप्त किया है। अभिव्यक्ति कार्यक्रम की आगामी रूपरेखा तैयार करने के लिए देश एवं प्रदेश भर के प्रतिष्ठित ख्याती प्राप्त विशेषज्ञों को विशेष रूप से इस कार्यशाला में आमंत्रित किया गया है। कार्यशाला में अपने विचार रखने के लिए बुद्धिजीवी वर्ग, महिलाओं, युवतियों एवं कॉलेज एवं स्कूलों के प्रोफेसर्स, शिक्षक तथा गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन सहायक पुलिस महानिरीक्षक डॉ.संगीता पिटर्स ने किया। इस कार्यक्रम में सहायक पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती मिलेना कुर्रे, श्रीमती पूजा अग्रवाल तथा सभी जिलों से आए राजपत्रित पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# सर्वाधिक टीके लगाने वाली प्रदेश की दो टीकाकरण कर्मी हुईं सम्मानित



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कोविड-19 टीकाकरण के अंतर्गत प्रदेश में सर्वाधिक टीके लगाने वाली दो महिला टीकाकरण कर्मियों को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री मनसुख मंडाविया ने आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में कबीरधाम की टीकाकरण कर्मी सुश्री पिंकी खरे और रायगढ़ की श्रीमती प्रमिला देवांगन को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

कबीरधाम जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी की टीकाकरण कर्मी सुश्री पिंकी खरे ने कोरोना टीकाकरण अभियान के दौरान 425 सत्रों में अकेले 70 हजार 333 टीके लगाए हैं। वहीं रायगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किरोड़ीमल नगर की श्रीमती प्रमिला देवांगन ने 402 सत्रों में अकेले 45 हजार 463 टीके लगाए हैं। कोविन एप्लीकेशन में दर्ज टीकाकरण डॉटा के मूल्यांकन के आधार पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा प्रदेश की इन दोनों टीकाकरण कर्मियों का चयन किया गया है।

### दीक्षांत समारोह में आईजी के हाथों शरद हुए सम्मानित

**राजनांदगांव।** पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय द्वारा आयोजित 76 वें पुरूष नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र के दीक्षांत परेड समारोह में पुलिस महानिरीक्षक आर पी साय द्वारा शरद वास्तव को लगातार किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, बाल अधिकार सहित क्षमता विकास जैसे विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु सम्मानित किया गया। राज्य भर से चयनित नवआरक्षकों के बुनियादी प्रशिक्षण सत्र के समापन के अवसर पर दीक्षांत समारोह का आयोजन स्थानीय पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय ग्राउंड में किया गया था। ज्ञात है कि शरद वास्तव बाल अधिकार संरक्षण आयोग छ.ग. शासन में सदस्य रह चुके हैं और वर्तमान में बच्चों के संरक्षण के लिए काम करने वाली संस्था चाइल्ड लाइन के डायरेक्टर हैं।











































## खास-खबर

### सीडीआर देने के मामले में वीआइपी सुरक्षा बटालियन का प्लाटून कमांडर निलंबित

**रायपुर (ए)।** वेब पोर्टल संचालक को काल डिटेल रिकार्ड (सीडीआर) उपलब्ध कराने के मामले में वीआइपी सुरक्षा बटालियन माना में पदस्थ प्लाटून कमांडर विनोद ठाकुर को निलंबित कर दिया गया है। प्राथमिक जांच के आदेश दिए गए हैं। अनैतिक देह व्यापार से जुड़ी एक महिला को भी गिरफ्तार किया गया है।

पीटा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वेब पोर्टल संचालक नीलेश शर्मा को कुछ दिन पहले भ्रामक जानकारी फैलाने, अनैतिक देह व्यापार और आइटी एक्ट के तहत के मामला दर्ज कर गिरफ्तार का जेल भेज दिया गया था। नीलेश के मोबाइल फोन से कई जानकारियां हाथ लगीं। वहीं जांच में सामने आया कि प्लाटून कमांडर विनोद सिंह ठाकुर द्वारा आरोपित नीलेश वर्मा को सीडीआर उपलब्ध कराई गई। विनोद सिंह ठाकुर वर्तमान में वीआइपी सुरक्षा बटालियन में पदस्थ हैं। सीडीआर जैसे गोपनीय दस्तावेज को प्राप्त करना और शेयर करने गंभीर मामला है।

इधर नीलेश शर्मा की मोबाइल जांच के दौरान कुछ संवेदनशील गोपनीय दस्तावेज मिले, जिनका उपयोग पुलिस या सरकारी जांच एजेंसी करती है। दस्तावेजों में ज्यादातर काल रिकार्ड से संबंधित हैं। इस तरह के दस्तावेजों का उपयोग करने के बाद जांच एजेंसियों द्वारा विधिवत तरीके से नष्ट कर दिया जाता है। इसमें एक पुलिस अधिकारी की भी संलिप्तता सामने आई थी। इसके बाद प्लाटून कमांडर को निलंबित कर दिया गया। नीलेश के मोबाइल की जांच के दौरान कई चैट मिले हैं। पोर्नोग्राफी से जुड़ी सामग्री भी मिली है। गलत काम करने वालों के साथ में था। कई सरकारी दस्तावेज भी मिले हैं।

### बड़ी घटना को अंजाम देने से पहले चाकू के साथ आरोपित गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** अवैध तरीके से चाकू लेकर घूमने वालों को पकड़ने रायपुर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा। शहर में लगातार आरोपियों को पकड़ा जा रहा। चाकू दिखाकर लूट जैसी बड़ी वारदात को अंजाम दिया जा रहा। पंडरी थाना पुलिस ने चाकू के साथ आरोपित को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की। पंडरी थाना पुलिस सूचना मिली कि एक व्यक्ति द्वारा दलदल सिवनी बड़ा तालाब के पास अपने हाथ मे चाकू रखकर आने-जाने वाले लोगों को भयभित कर रहा है। किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल पेट्रोलिंग स्टाफ मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंची। जहां से देवेंद्र नायक को पकड़ा गया। आरोपित के कब्जे से एक बटनदार धारदार चाकू जब्त किया गया।

### टेढ़ा मकान बनाने वाले बिल्डर को 3.78 लाख जुर्माना

**बिलासपुर (ए)।** जिला उपभोक्ता फोरम ने मेसर्स एमएस सोनी बिल्डर्स एंड आर्किटेक्ट को तीन लाख 78 हजार 468 रुपये का जुर्माना लगाया है। बिल्डर ने एक ग्राहक से पैसा लेकर निर्धारित समय पर मकान बनाकर नहीं दिया। निर्माण कार्य के दौरान बिल्डर ने मकान के आकार को टेढ़ा बना दिया। फोरम ने 45 दिनों के भीतर ग्राहक को क्षतिपूर्ति देने बिल्डर को आदेश दिया है। विद्यानगर गायत्री मंदिर के पास रहने वाले राजेश पाल अमेरी स्थित अपनी जमीन पर नया मकान बनवाने की तैयारी में थे। इसी दौरान उन्होंने नेहरू नगर स्थित मेसर्स एमएस सोनी आर्किटेक्ट एंड बिल्डर से संपर्क किया। बिल्डर मकान निर्माण करने के लिए तैयार हो गए। दोनों के बीच 39 लाख 45 हजार 600 रुपये में मकान निर्माण करने का सौदा तय हुआ। कंपनी ने राजेश पाल को 10 माह के भीतर 1856 वर्ग फीट में मकान बनाने का पक्का भरोसा दिया। इसके बाद राजेश पाल ने चार अलग-अलग किश्तों में उसे 10 लाख रुपये दिए। इस दौरान कंपनी ने निर्माण कार्य शुरू करवा दिया और भूतल पर 1460 वर्ग फीट पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। काम डोर लेबल तक भी पूरा नहीं हुआ था। इस बीच पता चला कि मेसर्स एमएस सोनी आर्किटैक्ट एंड बिल्डर ने भवन को टेढा बना दिया है। इसके बाद राजेश पाल ने बिल्डर से संपर्क किया। तब बिल्डर ने उसे संतोष जनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद राजेश ने क्षतिपूर्ति की बात की। लेकिन, बिल्डर आनाकानी करने लगा। इस बीच राजेश पाल ने जिला उपभोक्त फोरम में परिवाद दायर किया और क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की।

छिंद रस का पैसा नहीं देने पर हेडमास्टर की हत्या आरोपी गिरफ्तार

# चाकू से हाथ की नस काटी, फिर जमीन पर गिराकर गला रेता

**दंतेवाड़ा (ए)।** दंतेवाड़ा जिले में पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा दी है। हेडमास्टर की हत्या करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे मंगलवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। गांव के ही एक युवक को छिंद रस का पैसा नहीं देने पर हेडमास्टर के साथ विवाद हुआ था। जिसके बाद युवक ने हेडमास्टर का मर्डर कर दिया। मामला जिले के किरंदुल थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, टिकनपाल ग्राम पंचायत के प्राथमिक शाला स्कूल के हेडमास्टर अंबाती राजू का 3 मार्च की सुबह स्कूल में ही शव पड़ा मिला था। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। जांच में पता चला कि गांव के ही एक युवक कुमार ताती (26) के साथ शिक्षक का विवाद हुआ था। पुलिस ने युवक को पकड़ा और उससे पूछताछ की। स्क सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि युवक छिंद रस बेचने का काम करता था। हेडमास्टर ने 2 मार्च को युवक के पास से छिंद रस लिया था और उसका पैसा नहीं देने पर दोनों के बीच विवाद हुआ था।

जिससे इसी दिन शाम के करीब 4:30 बजे जब हेडमास्टर स्कूल में थे तो युवक चाकू लेकर आया और शिक्षक के साथ धक्का-मुक्की कर पहले स्कूल से हाथ की नस काट दी। फिर जमीन में गिराकर चाकू से गला रेत दिया। किसी को शक न हो इसलिए स्कूल में ही रखे सब्जी काटने वाले स्कूल को हेडमास्टर के हाथ में पकड़ा दिया था। साथ ही हेडमास्टर का मोबाइल फोन तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद स्कूल के पीछे तरफ बाउंड्रीवॉल से छलांग लगाकर फरार हो गया। वहीं जिस स्कूल से इसने हत्या की थी उसे छिंद पेड़ के नीचे गड्ढा खोद कर छिपा दिया था।

# 15 मीटर की हाइट पर ट्रक पलटा गिरने से एक श्रमिक की मौत

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। हादसे में खुर्सीपार निवासी एक ठेका श्रमिक की मौत हो गई वहीं चार ठेका श्रमिक बाल-बाल बचे। यह हादसा स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में हुआ है। मटेरियल लोडिंग कराते समय एक सेमी पोर्टल क्रेन ने ट्रक को ठोकर मार दी। जमीन से करीब 15 मीटर हाइट पर यह हादसा हुआ जिससे ट्रक पलट गई।



मिली जानकारी के अनुसार स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में मटेरियल लोडिंग कराते समय एक सेमी पोर्टल क्रेन ने ट्रक को ठोकर मार दी। ट्रक में पांच लोग सवार थे। हादसे में एक मजदूर हाइट से नीचे गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं चार ठेका श्रमिक बाल बाल बच गए। शेष ठेका श्रमिकों को हल्की चोटें आई। इनका प्राथमिक इलाज किया गया। मृतक ठेका श्रमिक की पहचान खुर्सीपार निवासी कोमल कुमार के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि कॉर्बन ब्रिक्स से भरा एक ट्रक स्टील मेल्टिंग शॉप में पहुंचा था। इसमें कुल पांच मजदूर सवार थे जो ब्रिक्स को दूसरी जगह खाली करने गए। इस दौरान ट्रक को सेमी पोर्टल क्रेन ने ठोकर मार दी। ठोकर लगते ही ट्रक एक ओर पलट कर 15 मीटर हाइट पर फंसा रह गया। इससे मजदूरों में अफरा तफरी मच गई। इस दौरान बचने के लिए खुर्सीपार निवासी ठेका श्रमिक कोमल कुमार ने 15 फीट हाइट से छलांग लगा दी।

इस अफरा तफरी में ठेका श्रमिक कोमल कुमार जान बचाने के लिए जंप तो लगा दिया लेकिन अत्याधिक हाइट होने के कारण वह बच नहीं पाया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं शेष बचे चारों श्रमिकों ने धीरे धीरे उतरना शुरू किया जिससे सभी की जान बच गई। इन श्रमिकों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। इनमें से किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है। इस मामले में भट्टी पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

इधर इस मामले में बीएसपी जनसंपर्क विभाग के प्रमुख जैकब कुरियन ने बताया कि मंगलवार दोपहर लगभग 3:40 बजे स्टील मोल्टिंग शाप 3 में रिफैक्ट्री डिपार्टमेंट से ईंट लेकर पहुंची ट्रक सेमी पोर्टल क्रेन के टकराने से ठेका श्रमिक केवल कुमार गिर गया। उसे संयंत्र के मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई।

# 25 लाख की लाटरी के लालच में गंवाए चार लाख रुपये

**बिलासपुर (ए)।** ठगों ने गुपचुप बेचने वाले को 25 लाख रुपये की लाटरी का मैसेज भेजकर फंसा लिया। लालच में आकर उसने चार लाख 32 हजार रुपये बताए गए खाते में जाम कर दिए। आठ दिनों तक 14 बार रुपये देने के बाद उसे धोखाधड़ी का एहसास हुआ। पीड़ित की शिकायत पर सीपत पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सीपत क्षेत्र के टेकर में रहने वाले भोले शंकर धीवर(30) गांव के बाजार में गुपचुप बेचते हैं। 28 फरवरी को उनके मोबाइल पर वाट्सएप पर मैसेज आया। इसमें उन्हें 25 लाख रुपये इनाम देने की बात कही गई थी।

वाट्सएप मैसेज भेजने वाले के नंबर पर काल करने पर इनाम के लिए 45 हजार रुपये मांगे गए। इस पर उन्होंने उसी दिन 45 हजार रुपये जालसाजों के बताए एकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। इसके कुछ ही देर बाद उनसे 12 हजार र्स्पये और मांगे गए। उन्होंने फिर रकम आनलाइन ट्रांसफर कर दी। बाद में उनसे अलग-अलग बहानों से 14 बार में जालसाजों ने चार लाख 32 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद भी और रकम की मांग की गई। तब उन्हें धोखाधड़ी की आशंका हुई। पीड़ित ने इसकी शिकायत सीपत थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

पीड़ित के पिता मनहरण धीवर ने पुलिस को बताया कि भोल शंकर ने पहले परिवार वालों को इनाम के लिए रुपये देने की जानकारी नहीं दी थी। उसने अपने पास रखे रुपये खत्म होने के बाद पिता से बाइक खरीदने के लिए 50 हजार रुपये मांगे। इसे भी उसने धोखाधड़ी करने वालों के खाते में जमा कर दिया। बाद में वह अलग-अलग बहाने बनाता रहा।

# बेटे-बहू ने वृद्धा को घर से निकाला: 2 सप्ताह से भटक रही महिला बोली-डंडे से पीटा, बेहोश हुई तो सड़क पर फेंका

**दंतेवाड़ा (ए)।** दंतेवाड़ा जिले में 72 साल की एक बुजुर्ग महिला को उसके मुंह बोले बेटे-बहू ने पीट-पीटकर घर से बाहर निकाल दिया है। महिला पिछले 2 सप्ताह से बेघर हो यहां-वहां भटक रही है। कभी सड़क पर सोती तो कभी किसी परिचित के घर जा कर शरण लेती है। जब भूख लगती तो लोग मानवता के नाते बुजुर्ग महिला को खाना खिलाते हैं। महिला का आरोप है कि, बेटा-बहू ने उसका घर हड़पने के लिए ऐसा किया है। मामले की शिकायत महिला ने दंतेवाड़ा कलेक्टर से भी की है। महिला ने बताया कि कलेक्टर ने आश्वासन दिया है कि न्याय जरूर मिलेगा।

महिला उषा बैरागी (72) गीदम नगर पंचायत के वार्ड नंबर 1 की रहने वाली हैं। मेहनत मजदूरी कर महिला ने लगभग 6-7 साल पहले शिशु मंदिर स्कूल के पीछे अपना घर बनाया है। महिला का एक सगा बेटा भी है जो उसको छोड़कर बीजापुर में रहता है।

# 11वीं के छात्र ने इंटरनेट पर बच्चों का अश्लील वीडियो कर दिया अपलोड, गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** कोनी पुलिस ने इंटरनेट में बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो अपलोड करने वाले 11वीं कक्षा के छात्र को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से मोबाइल जब्त किया गया है। आरोपित के खिलाफ आइटी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है। कोनी थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने बताया कि अपराध अनुसंधान रिकार्ड ब्यूरो, दिल्ली की ओर से एसपी कार्यालय को मामले की जानकारी मिली थी। इसमें बताया गया कि कोनी क्षेत्र से बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो इंटरनेट पर अपलोड किया गया है।

एसपी कार्यालय से यह जानकारी कोनी थाने में भेज दी गई। इस पर जुर्म दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही थी। साइबर सेल की जांच में पता चला कि छोटी कोनी में रहने वाले सोमेंद्र बंजारे(18) ने अपने मोबाइल से वीडियो अपलोड किया था। आरोपित 11वीं कक्षा का छात्र है। पुलिस ने उसके ठिकाने पर घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में पहले वह पुलिस को गुमराह कर रहा था। बाद में उसने अपना जुर्म कबूल लिया। आरोपित के कब्जे से मोबाइल जब्त कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### केंद्रीय टीम करती है निगरानी

इंटरनेट में बच्चों से संबंधित अश्लील सामग्री की जांच और उसके प्रसार को रोकने के लिए केंद्रीय टीम बनाई गई है। अपराध अनुसंधान रिकार्ड ब्यूरो की तकनीकी टीम ऐसी सामग्री के अपलोड होने पर नजर रखती है। इसके अलावा इसके प्रसार को रोकने केंद्रीय स्तर पर ही रोक लगा दी जाती है। साथ ही इसकी जानकारी संबंधित राज्यों को देकर स्थानीय पुलिस के माध्यम से आरोपित पर कार्रवाई कराई जाती है।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-1030/NIT-36/ 2021-2022/ व ले लि — दिनांक 03.03.2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 14.03.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 22.03.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 23.03.2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे से

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम / No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 36 T0304 | ग्राम खपरी 3 नरोत्तम के घर से स्कूल भवन पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 17.76 13320.00 |
| 36 T0305 | ग्राम संबलपुर मुंगेली मुख्य मार्ग से हाईस्कूल भवन तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 17.76 13320.00 |
| 36 T0306 | ग्राम पंचमैया मुख्य मार्ग से सोसायटी खाद्य गोदाम तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 17.76 13320.00 |
| 36 T0307 | ग्राम मउ मुख्य मार्ग से हाई स्कूल भवन तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 11.85 8890.00 |
| 36 T0309 | मुख्य मार्ग से धान खरीदी केन्द्र बदनारा पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 17.76 13320.00 |
| 36 T0310 | ग्राम खडसरा में टीकाराम जायसवाल के घर से स्कूल भवन पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 17.76 13320.00 |
| 36 T0311 | ग्राम मेहना मुख्य मार्ग से हाई स्कूल भवन तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 11.85 8890.00 |
| 36 T0312 | ग्राम जांता हरीश चन्द्राकर के घर से आंगनबाड़ी तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 17.76 13320.00 |
| 36 T0313 | ग्राम संबलपुर पुराना तालाब से स्कूल भवन तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 17.76 13320.00 |
| 36 T0314 | ग्राम मोहतरा मुख्य मार्ग से हाई स्कूल भवन तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 11.85 8890.00 |
| 36 T0315 | ग्राम पोरहा मुख्य मार्ग से प्राथमिक शाला तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 17.76 13320.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग,
बेमेतरा

जी-68462/5













### मैनेजर के मकान का ताला तोड़कर नकदी और जेवर पार

**बिलासपुर (ए)।** मोपका में कोचिंग संस्थान के मैनेजर के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों नकदी और सोने चांदी के जेवर पार कर दिया। मैनेजर ने इसकी जानकारी अपने साथी को दी। उन्होंने इसकी शिकायत सरकंडा थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है। सरकंडा के मोपका में रहने वाले शुभम कुमार उपाध्याय कोचिंग सेंटर में मैनेजर हैं। एक मार्च को वे कार्यालयीन काम से अंबिकापुर गए थे। उन्होंने अपनी पत्नी और बच्चों परिवार वालों के पास भेज दिया था। सोमवार की सुबह नौ बजे उनके घर काम करने वाली सहायिका ने फोन कर बताया कि मकान का ताला टूटा है। इस पर उन्होंने अपने साथ काम करने वाले रितेश मिश्रा को अपने मकान को देखने भेजा। इस दौरान मकान का ताला टूटा था। कमरे में सामान बिखरा हुआ था।






















## खास - खबर

### चेम्बर की महिला विंग ने रक्तदान कर महादान का दिया संदेश

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज दुर्ग जिला इकाई की महिला विंग ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मंगलवार को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में चेम्बर की महिला विंग के सदस्यों के अलावा युवाओं ने उत्साह के साथ रक्तदान कर महादान का संदेश दिया। शिविर में करीब 40 से अधिक यूनिट ब्लड संग्रहित किए गए। यह ब्लड जरुरतमंदों को चेम्बर की महिला विंग द्वारा ब्लड बैंक के माध्यम से उपलब्ध करवाया जाएगा। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज जिला महिला विंग की अध्यक्ष सुश्री पायल जैन ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हमें कुछ करने की प्रेरणा देती है। यह दिवस तभी सार्थक होती है, जब हम समाज के लिए रचनात्मक कार्य करें। इसलिए हमने महिला दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में महिला शक्ति ने उत्साह के साथ रक्तदान कर यह साबित कर दिया है कि वे किसी भी मायने में किसी से पीछे नहीं है। शिविर के आयोजन में चेम्बर महिला विंग अध्यक्ष सुश्री पायल जैन, महामंत्री गूंजा पिंजा, चेयरमैन राजश्री गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष नीति बल्लेवार, कोषाध्यक्ष शेरीन डेविड, उपाध्यक्ष मंजू अग्रवाल, विनीता बरड़िया, विनीता शर्मा, सलाहकार अमीना हिरानी, रंजना गुप्ता, संरक्षक तृप्ति सिंह, शारदा गुप्ता, विनीता गुप्ता के अलावा अन्य महिलाओं ने अपनी सहभागिता दी।

### केन्द्रीय जेल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**दुर्ग।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केन्द्रीय जेल अधीक्षक योगेश सिंह क्षत्री के निर्देशन में केन्द्रीय जेल दुर्ग के महिला प्रकोष्ट में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जेल प्रशासन द्वारा सभी महिला बंदिनियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी गई तथा महिला बंदिनीयों के लिये विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के जज के रूप में अशासकीय संदर्शक श्रीमती नीलू सिंह, राजेश्वरी मिश्रा एवं भुनेश्वरी देवी रही। प्रतियोगिताओं में महिला बंदिनीयों को पुरस्कृत किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम अनिता मौर्य, द्वितीय लक्ष्मी पाली, तृतीय सरस्वती उईके एवं खुर्सी दौड़ में सरस्वती उईके प्रथम को पुरस्कृत किया गया। अतिथियों द्वारा महिला बंदिनीयों को उनके अधिकारों एवं उनके आत्मरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई एवं महिला बंदिनीयों को सराहनीय कार्य के लिये बधाई दी गई। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया । अशासकीय संदर्शक श्रीमती नीलू सिंह द्वारा महिला बंदियों हेतु एक टी.वी. प्रदाय किया गया। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रेड कास सोसाइटी द्वारा महिला बंदिनीयों को हाईजिन किट सेनेटाईजर एवं मास्क वितरण जेल चिकित्सक डॉ ए.के. चौबे , रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव युवराज देशमुख एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के वालेन्टियर द्वारा वितरित किया गया।

### महिला दिवसः पार्षद नजहत ने वार्ड के महिला सफाई कर्मियों का किया सम्मान

**दुर्ग।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वार्ड नंबर 40 सुराना कॉलेज वार्ड की पार्षद श्रीमती नजहत परवीन के द्वारा मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद एवं पिंटू यादव, हलीमा बेगम, रफीक खान, श्रीमती किरण राठी, नवाब एजाज चौहान की उपस्थिति में वार्ड की महिला सफाई कर्मियों का पुष्प, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। सम्मान कार्यक्रम में प्यारेलाल बड़ेल, राजकुमार, कुणाल, विजय ढीमर, गणपत चेन्नई, हरसू उपस्थित थे।

# हमें गर्व है महिला होने पर श्लोगन के साथ पिंक मार्च दुर्ग पुलिस ने किया नारी शक्ति का सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर दुर्ग पुलिस ने महिला शक्ति का सम्मान किया। इस मौके पर दुर्ग पुलिस ने अलग अलग क्षेत्रों की महिलाओं को उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया। महिला पुलिस कर्मियों के साथ ही महिला पत्रकारों व सामाजिक क्षेत्र की महिलाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने पिंक पैदल मार्च भी निकाला जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने शामिल होकर जागरुकता का संदेश दिया।**






इससे पहले कार्य का शुभारंभ जिले के एसपी बद्रीनारायण मीणा ने किया। पुलिस कंट्रोल रूम परिसर सेक्टर-6 में आयोजित इस कार्यक्रम में एसपी मीणा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के संबंध में यह दिवस केवल 1 दिन के रूप में नहीं होना चाहिए बल्कि हर दिन महिलाओं का सम्मान कर सुरक्षित माहौल बनाया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ पुलिस लगातार इस दिशा में काम कर रही है।

कार्यक्रम के दौरान एएसपी शहर संजय कुमार ध्रुव ने महिलाओं से समानता का व्यवहार करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। एएसपी ग्रामीण अनंत कुमार ने बालिकाओं को शिक्षित करने और उनके सर्वांगीण विकास को बल देने की बात कही। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्ल्यू श्रीमती मीता पवार ने कहा कि महिला पुरुष की प्रतिद्वंदी नहीं बल्कि पूरक है।

कार्यक्रम के दौरान महिला पत्रकारों को सम्मान कर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस दौरान महिला पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। भावना पांडे, कोमल धनेश्वर, संगीता मिश्रा, अनुभूति भाखरे, बीना दुबे, संध्या सिंह, विजयलक्ष्मी चौहान, शाहीन खान, पूर्णिमा शुक्ला व मनजीत कौर को सम्मानित किया गया। अपराधियों को पकडऩे में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए मन्नापुरम गोल्ड की स्टाफज्योति साहू एवं ममता साहू का सम्मान किया गया।

इन दोनों ने अपनी सूझबूझ से दो हथियारबंद अपराधिकयों से बैंक लुटने से बचाया। इसी प्रकार केनरा बैंक सेक्टर 6 की कर्मी नेहा चक्रवती ने एक महिला को साइबर ठगी से बचाया। महिला साइबर ठगों के झांसे में आकर अपने 10 लाख रुपए लुटाने जा रही थी।

इसी कड़ी में मोहन नगर थाना स्टाफ नीलू चंद्राकर ने चौकीदार की हत्या के मामले में महत्वपूर्ण योगदान देकर आरोपियों को गिरफ्तार कराया गया। वैशाली नगर थाने की कर्मी प्रेम शिला साहू ने वैशाली नगर क्षेत्र के यूको बैंक में चोरी करने घुसे आरोपियों को गिरफ्तार करवाया था। इनका भी सम्मान कार्यक्रम के दौरान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिला अधिकारी कर्मचारियों का भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। जिसमें उपनिरीक्षक कमला यादव, महिला रक्षा टीम की सहायक उपनिरीक्षक संगीता मिश्रा एवं उनकी टीम को स्कूल कॉलेजों मोहल्लों में बालिकाओं की सुरक्षा हेतु लगातार कार्यशाला आयोजित करने तथा महिला पुलिस कर्मी ग्लोरिया तिर्की, सानू सिंह एवं हेमलता को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह के बाद पिंक पैदल मार्च निकाला गया। जिसमें सैकड़ों महिलाओं के द्वारा पिंक पैदल मार्च में महिलाओं को सशक्तिकरण एवं सुरक्षित माहौल का एहसास दिलाने 3 किलोमीटर का मार्च किया गया। यह मार्च कंट्रोल रूम से निकलकर ग्लोब चौक, भिलाई निवास होते हुए, टीए बिल्डिंग के सामने, स्टेट बैंक सिविक सेंटर, नेहरू आर्ट गैलरी के पास, कला मंदिर होते हुए वापस कंट्रोल रूम पहुंचकर समाप्त हुआ। पैदल मार्च के दौरान मिलने वाली समस्त महिलाओं को पिंक फ्रेंड का रिस्ट बैंड व बैच लगाकर हेल्पलाइन नंबर का टैग दिया गया।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस : महिलाओं का स्वस्थ और आत्मनिर्भर होना जरूरी - कनिका जैन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** ओल्ड नेहरू नगर पार्क में मुस्कुराते रहो योग ग्रुप के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योग पति श्रीमती कनिका जैन ने अपने सारगर्भित उदबोधन मे महिलाओं एवं लडकियों को स्वस्थ,आत्मनिर्भर एवं प्रसन्न रहने के लिए योग, हास्य योग एवं कई प्रकार के माध्यम से सुझाव दिए।

उन्होंने माता, बहन, पत्नी, और बेटी के कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए स्वयं पर भी ध्यान देना चाहिए। संरक्षक नरेन्द्र श्रीवास्तव ने नारी को पूजा नहीं सम्मान की आवश्यकता है। उन्होंने धरती,नदी, गाय और नारी का उदाहरण देते हुए बताया कि हालत अच्छे नहीं है। योग प्रशिक्षक शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि घर में मिला हुआ सम्मान व्यक्ति के लिए श्रेष्ठ प्रोत्साहनकर्ता होता है, उन्होंने योग तथा मुस्कुराहट की महत्ता को विस्तार से समझाते हुए अनुशासन पर बल दिया। इस अवसर पर



आयोजित मेराथन मे बालिकाओं के वर्ग मे प्रथम स्थान वर्तिका साहू,व्दितीय रिदिमा चन्द्राकर, तृतीय हर्षिता खण्डेलवाल, रही।

महिलाओं में प्रथम श्रीमती मधु गोयल, व्दितीय श्रीमती वैशाली अग्रवाल, तृतीय अरुन्धति खण्डेलवाल रही। श्रीमती लीना चंद्राकर, श्रीमती मनीषा यादव , श्रीमती चित्रलेखा जोशी, श्रीमती रेणु शर्मा, श्रीमती रीना सिंह, श्रीमती मन्जु असाठी, एवं लडकियों में राशि परेता, तान्या सिंह,मोहिनी असाठी, मयूरी असाठी, मान्या सिंह एवं ईशू को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समाजसेवी श्रीमती रीना सिंह (अजीत इन्टरप्राइजेज) का सहयोग प्रशंसनीय रहा।

## भोले की बारात के बाद महाकाल के दरबार पहुंचे दया सिंह

## क्षमा याचना के साथ-साथ प्रदेश की खुशहाली के लिए मांगा आर्शीवाद

**भोले बाबा की बारात के सफल आयोजन के लिए दया सिंह ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े लोगों का जताया आभार**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर में भोले बाबा की भव्य बारात निकालने के बाद बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह महाकाल के दरबार पहुंच गए हैं। दरअसल, आयोजन में किसी प्रकार की भूल-चूक के लिए क्षमा याचना मांगने के लिए दया सिंह बाबा महाकाल के दरबार पहुंचे हैं।

जहां उन्होंने क्षमा याचना के साथ-साथ प्रदेश की खुशहाली के



लिए आशीर्वाद मांगा।

दया सिंह ने बताया कि, बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के आयोजन में जाने-अंजाने में किसी प्रकार की भूल-चुक हुई होगी तो उसके लिए बाबा महाकाल के पास क्षमा याचना पहुंचे हैं। दरबार में उन्होंने अपनी समिति के सदस्यों के साथ मत्था टेककर प्रदेश के लिए गौरव के लिए आशीर्वाद मांगा है। दया सिंह ने बताया कि, इस साल आयोजन का 14वां वर्ष था। 14 सालों से भव्य बारात निकाली गई। इस साल सबसे ज्यादा झांकी और सबसे ज्यादा ज्यादा भव्यता देखने को मिली। इस बारात में प्रदेशभर के राजनेता शरीक हुए। इनमें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, सांसद विजय बघेल से लेकर जिलेभर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### आने वाले वर्ष में और ज्यादा भव्य होगा महोत्सवः दया सिंह

सफ्ल आयोजन के लिए दया सिंह ने आयोजन से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है। दया सिंह ने कहा कि, 14 सालों से भोले बाबा की भक्ति में लीन होने का अवसर मिल रहा है। आने वाले 15वें वर्ष में आयोजन को ज्यादा भव्य किया जाएगा। इसकी तैयारी हम काफी पहले शुरू कर देंगे।

### महिलाओं के सम्मान में उतरा निगम प्रशासन

## निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे सहित अधिकारियों ने किया सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम, भिलाई में कार्यरत महिला कर्मचारियों को आज निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने फूल का गुलदस्ता देकर सम्मान किए और उनका हौसला बढ़ाया। दोपहर में सभागार में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चतुर्थ श्रेणी की अनुभवी महिला कर्मचारी शकुन बाई पवार को बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों के समकक्ष में स्थान दिया गया। इस दौरान महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण को लेकर अपने-अपने अनुभवो एवं विचारों को साझा करते हुए महिलाओं को चुल्हा, चौका एवं अन्य घरेलू कार्य से भी आगे बढ़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किये। बदलते हुए सामाजिक परिवेश में हमे बेटे और बेटी के बीच फर्क नहीं करना चाहिए आज



बेटियां भी बेटो के बराबर सभी क्षेत्रों में आगे बढ़कर घर, परिवार और समाज का नाम रोशन कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिला अधिकारी/कर्मचारियों को आयुक्त, अपर आयुक्त एवं उपायुक्त ने फूल का गुलदस्ता देकर सम्मानित करते हुए सभी को मिष्ठान वितरण कराया। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने कहा कि सभी क्षेत्रों में अपने अदम्य साहस, बुलंद हौसले, मजबूत इच्छा शक्ति से कार्य करते हुए महिलाएं लगातार आगे बढ़ रही है। शिक्षित होकर महिलाएं सफ्लता के शिखर पर अपनी पहचान बना रही है। इसी तरह अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी और उपायुक्त सुनील अग्रहरि ने महिला दिवस से भिलाई निगम में कार्यरत सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज की महिलाएं अपने मजबूत ईरादों से आत्मनिर्भर की ओर बढ़ रही है। उन्होंने छ.ग. शासन की महत्वकांक्षी योजना एवं गोधन न्याय योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भिलाई की स्व सहायता समूह की महिलाएं गोबर खरीदी केन्द्रों में दीया, गमला, मूर्ति, और वर्तमान फूलों से गुलाल जैसे विभिन्न उत्पाद बनाकर अच्छा आय अर्जित कर अपने परिवार को आर्थिक सहयोग कर रहे है, जो कि प्रशंसनीय है। कोरोना जैसे महमारी के वक्त महिलाओं ने कोविड वैक्सीनेशन, मास्क बनाना, जरूरतमंदो तक दवाई और भोजन पैकेट वितरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए सौंपी गई जिम्मेदारियों को बखूबी निभाकर अपनी कार्यक्षमता का प्रदर्शन किया है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रक्तदान का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ दिन 8 मार्च को सखी महिला मंडल सेक्टर 4 भिलाई गुजराती समाज के तत्वधान में डिस्टिक हॉस्पिटल दुर्ग में एक बृहद ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया ।

यह ब्लड जरूरतमंद लोगों की जान बचाने के लिए उपयोग किया जाएगा !सभी मातृशक्ति का उत्साहवर्धन करने के लिए नवदृष्टि फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य राज आडतियां, रितेश भैया,उज्जवल पिंचा, मुकेश राठी, रूपल गुप्ता, चंचल जैन तथा सेक् 4 समाज के अध्यक्ष श्री कौशिक दवे,गिरीश सावरिया, भारती सोनी, शीतल



सरवैया निशा गांधी,नेहा पंड्या,रोहित त्रिवेदी ,दुर्गा नागर, संजय नागर, मीना सोनी,उपस्थित थे । सभी रक्त दान करने वालो को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

### विश्व महिला दिवस पर निकाली गयी संस्कृति रक्षा यात्रा

## आसारामजी बापू की रिहाई को लेकर सड़कों पर उतरी महिला उत्थान मंडल की बहनें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वाधान में चलाये जा रहे महिला उत्थान मंडल द्वारा विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में विशाल संस्कृति रक्षा यात्रा निकाली गयी।यह यात्रा हिंदी भवन से शुरू होकर कलेक्टर परिसर में समाप्त हुई कलेक्टर मोहदय जी को ज्ञापन दिये की संत आसाराम जी बापू निर्दोष होते हुए भी उन्हें जेल मर रखा गया है। यात्रा का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया ।**




वही इस अवसर पर सैंकड़ों महिलाओं ने हिन्दू संत श्री आशारामजी बापू के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ जमकर आवाज बुलंद करते हुए नारेबाजी की।इस मौके पर महिलाओं ने बताया कि पॉस्को एक्ट का दुरुपयोग करके हिन्दू संत श्री आशाराम जी बापू को झूठे केस में फंसाया गया है। इतना ही नही 85 वर्ष के बीमार संत को 9 वर्ष में न तो एक दिन की बेल मिली है न ही एक दिन की कभी पेरोल भी दी गई है। वहीं दूसरी ओर .कई नेताओं अभिनेताओं व आंतकियों को बेल दी गई, यहां तक कि रेप केस मामले में कईयों को बेल दी गई और बाद में उन्हें बरी कर दिया मगर हिन्दू संत के खिलाफ कोई भी सबूत न होने के बावजूद उन्हें बरी तो दूर की बाद आज तक 1 दिन की बेल तक दी गयी।उन्होंने कहा कि ये कैसा भारत का कानून, नेताओ अभिनेताओं के लिए भारत का कानून अलग और हिन्दू संत के लिए कानून अलग।उन्होंने कहा कि हम भारत सरकार व राष्ट्रपति से मांग करते है कि हिन्दू संत को शीघ्र अति शीघ्र रिहा किया जाए। उन्होंने बताया कि पूज्य बापू जी को बदनाम करने करने के लिए ये प्रचार किया गया कि बापू जी का केस बलात्कार का केस है। मगर ये पूरी तरह से झूठ है।

उन्होंने कहा कि देश का कोई भी नागरिक आरटीआई डाल कर सरकार से ये जानकारी हांसिल कर सकता है कि यह रेप केस नही है। ऋद्धइ से कोई भी पता कर सकता है न तो शिकायतकर्ता लड़की की शिकायत में , न पुलिस स्टेटमेंट, न मेडिकल स्टेटमेंट में और न ही न्यायालय की तरफ से ये कहा गया है कि रेप किया गया है। न ही ये कही कहा गया है कि संत श्री आशाराम जी बापू ने ऐसा दुष्टकृत्य किया है। लेकिन इस के बावजूद देश भर में ये ढिंढोरा पीटा गया कि ये मामला रेप केस का है।उन्होंने बताया कि देश भर में महिला मंडल द्वारा महिलाओं के सर्वांगीण विकास हेतु 'चलें स्व की ओर'...महिला शिविर का आयोजन, बेटी बचाओ अभियान, तेजस्विनी अभियान, आध्यात्मिक जागरण हेतु युवती एवं महिला संस्कार सभाएं, दिव्य शिशु संस्कार अभियान, नि:शुल्क चिकित्सा सेवा,चल चिकित्सा सेवा मातृ-पितृ पूजन दिवस , कैदी उत्थान कार्यक्रम, घर-घर तुलसी लगाओ अभियान, गौ-संवर्धन व हर अमावस्या पर गरीबों में भंडारे,दीपावली पर दरिद्रनारायण सेवा आदि समाजोत्थान के कार्य किए जाते हैं । उन्होंने कहा कि ये सारे दैवी सेवाकार्य संत श्री आशारामजी बापू की प्रेरणा से चलाए जाते हैं। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

## एस.आर. हॉस्पिटल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला देवदूतों का किया गया सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। एस.आर. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर चिखली दुर्ग में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एस.आर. परिवार के समस्त महिला कर्मचारियों के सम्मान के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. छाया भारती ( रेटीना सर्जन) एवं विशेष अतिथि डॉ. संगीता पात्रे (स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ) उपस्थित थे।**



अस्पताल प्रबंधन द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भी प्रदान किया गया। विशेष अवसर पर केक भी काटा गया। प्रबंधन द्वारा अस्पताल में सेवाएं प्रदान करने वाले समस्त नारी शक्ति का सम्मान पुष्प वर्षा कर एवं गुलाब फूल भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में डॉ. छाया भारती ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा की आज महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अपनी अहम भूमिकाए निभा रही हैं।

डॉ.संगीता पात्रे ने इस अवसर पर बधाई देते हुए बताया कि जिस स्थान पर नारी का पूजन होता है वहां देवता वास करते हैं । बताया कि एस.आर. हॉस्पिटल में पारिवारिक वातावरण है सभी के द्वारा महिलाओं को विशेष सम्मान प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम में अस्पताल प्रबंधन द्वारा डॉ. सौम्या तिवारी, श्रीमती ताज जोशी, स्वाति पारकर , हरि साहू ,सीमा बरहरे, तारा पटेल, दामिनी वर्मा, सीमा शर्मा, प्रतिमा केरकेट्टा, सरिता कवाडकर, ममता, बिंदु मानिकपुरी, रूपा चेलक, सरस्वती ,यवंतिका, संगीता जोशी, इंदु कुर्रे,नाजिया खान, अफसर निशा, यशोदा, लक्ष्मी ठाकुर, खुशबू, कौशल्या, रोशनी यादव दुर्गेश्वरी, सीमा, रेनू धनेश्वरी, रूप कुमारी, शारदा पटेल, रितु पाटिल, सावित्री सोनवानी संतोषी अन्य सभी नारी शक्ति का सम्मान किया गया ।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950